रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/20

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 33] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 18, 2001 (श्रावण 27, 1923)
No. 33] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 18, 2001 (SRAVANA 27, 1923)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ सैंख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]
[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सू
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक
लोक ऋण कार्यालय
नई दिल्ली, दिनांक 2001

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की जो प्रतिभूतियाँ खो आदि गई हैं/नष्ट हो गई हैं और जिनके सम्बध में यह विश्वास आधार है कि वे खो गई हैं/नष्ट हो गई हैं और उनके आवेदको का दावा न्यायपूर्ण है उनकी फरवरी 2001 की समाप्त माह का इ- फाइनेन्स कार्पोरेशन आफ इडिया (इशू एड मैनेजमैंट ऑफ बाण्ड्स) रेगुलेशन 1949 के विनियम 10 के अनुसार इसके द्वार दावेदारों के नाम दिये गये हैं उनको छोड़कर अन्य ऐसे सभी व्यक्तियों जिनका इन प्रतिभूतियों पर कोई दावा हो, को चाहिए कि इ लोक ऋण कार्यालय, नई दिल्ली को तुरन्त सूचित करें। यह सूची दो भागों में विभाजित की गई है।

सारणी दो भागों में विभाजित-सारणी "अ" जिन प्रतिभूतियों को प्रथम बार विज्ञापित किया जा रहा है-सारणी प्रतिभूतियाँ।

सारणी-अ

प्रतिभूतियों की सं	ऋण का नाम/मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम
(i) डी एच-000818 8 75%	एक लाख रुपये (आई एफसीआई 2000)	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड कर्मचारी भविष्य निधि	केवल आखिरी किश्त बकाया	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड कर्मचारी भवि निधि
(ii) डी एच-000819 8 75%	-वही-	-वही-		

सारणी "बी" कोई नहीं

[illegible] कार्यालय
[illegible]म और विकास विभाग
[illegible] - 1 विश्व व्यापार केन्द्र
कफ परेड, कोलाबा, मुंबई - 400 005

संदर्भ : बैंपविवि. सं. 39 /08:21:001/2001 4 जुलाई 2001

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम सं. 23) की धारा 19 की उप धारा (1) के खंड (च) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री जगदीश कपूर के स्थान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर डॉ. वाइ. वी. रेड्डी को 4 जुलाई 2001 से भारतीय स्टेट बैंक के एक निदेशक के रूप में मनोनीत किया है।

जी. पी. मुनिअप्पन

(जी. पी. मुनिअप्पन)
उप गवर्नर

भारतीय स्टेट बैंक
कारपोरेट केंद्र
मुंबई : 17 मई 2001

क्रमांक : एस एण्ड पी/82

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 50 के अंतर्गत बनाई गई भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियमावली 1955 के विनियम 76 (1) के अनुसार, केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित श्रेणी के अधिकारियों को एतद्द्वारा निम्नानुसार हस्ताक्षर करने संबंधी अधिकारों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है :

अधिकारियों की श्रेणी	हस्ताक्षर करने संबंधी अधिकार
शाखा प्रबंधकों, उप प्रबंधकों, प्रभागीय प्रबंधकों, लेखाकारों और क्षेत्र अधिकारियों के रूप में नामित अधिकारियों के अलावा कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान - I के अधिकारी.	ड्राफ्टों, बैंकर्स चेकों, गारंटियों एवं साख पत्रों, तार अंतरण पुष्टि सूचनाओं, जवाबी अंतरण सूचनाओं (वसूली हेतु प्राप्त लिखतों का भुगतान) एवं तार भुगतान सूचनाओं आदि जैसे लिखतों पर हस्ताक्षर करने के अधिकार.
	क) एकल रूप से हस्ताक्षर करते समय
	50,000/ रुपये से कम की राशि हेतु
	ख) 50,000/ रुपये या उससे अधिक के लिखतों पर हस्ताक्षर करने के संपूर्ण अधिकार प्राप्त अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से
	असीमित राशियों हेतु

बैंक के वे सभी अधिकारी, जिन्हें कार्य के निष्पादन हेतु हस्ताक्षर करने के सम्बन्ध में उपर्युक्त अधिकार प्रदान किए गए हों, जहाँ कहीं भी कार्यरत हों, अपने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते रहेंगे.

हस्ताक्षर करने सम्बन्धी अधिकारों के सम्बन्ध में वर्तमान अधिसूचनाएं उपर्युक्त आशोधन के अधीन लागू बनी रहेंगी और उस सीमा तक लागू बनी रहेंगी, जब तक वे इस अधिसूचना में जो कुछ भी उल्लिखित किया गया है, उसके प्रतिकूल नहीं हों.

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति के आदेशानुसार

राघवेन्द्रन

प्रबंध निदेशक

सं0 पीएनबी/डीएसी/पी/1/2001
पंजाब नैशनल बैंक
प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली

दिनांक : जुलाई 30, 2001

शुद्धिपत्र

दिनांक 5.5.2001 के भारत के राजपत्र संख्या 18 के भाग III खण्ड 4 में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 26.3.2001 सं0 पीएनबी/डीएसी/पी/1/2001 के शुद्धिपत्र के रूप में दिनांक 26.3.2001 की उक्त उल्लिखित अधिसूचना की क्रम संख्या 2 के अंतिम पैरा की चतुर्थ पंक्ति को जोकि "पारिश्रमिक, मानदेय ऐसे किसी रूप मे नकद अथवा इस प्रकार" को संशोधित कर निम्नानुसार पढा जाए :

"पारिश्रमिक, मानदेय एवं ऐसे किसी रूप मे नकद अथवा इस प्रकार"

(के0 एन0 पृथ्वीराज)
महाप्रबन्धक

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय

41/2 एम जी रोड, ट्रिनिटी सर्कल, बेंगलूर 560 001

बेंगलूर, दिनांक 25 .07. 2001

सं. [illegible]/2258/2001. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण)अधिनियम, 1980 [illegible] की धारा 19 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, विजया बैंक का निदेशक मंडल, [illegible] बैंक के परामर्श से और केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से, विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 में आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात्;

1 (1) इन विनियमों को विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) संशोधन विनियम, 2001 कहा जाएगा।

(2) ये विनियम, राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे.

2. विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 में विनियम 20 में , उप-विनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा अर्थात्;

" (4) एक अधिकारी कर्मचारी को, अपनी खुद की अथवा उसके द्वारा धारित ऐसी चल संपत्ति से संबंधित हर एक लेन देन के बारे में, चाहे ऐसी संपत्ति उसके नाम हो या उसके परिवार के सदस्य के नाम, सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट करना होगा बशर्ते कि ऐसी संपत्ति की कीमत 25,000/ रु से अधिक हो।"

परंतु यह कि सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति ऐसी अवस्था में लेनी होगी अगर ऐसा कोई लेन-देन -

(क) किसी ऐसे व्यक्ति के साथ किया गया हो जिसका अधिकारी कर्मचारी के साथ शासकीय व्यवहार हो, अथवा

(ख) नियमित अथवा प्रतिष्ठित व्यापारी से भिन्न किसी दूसरे व्यापारी के जरिए किया गया हो.

के. अमरनाथ शेट्टी

(के. अमरनाथ शेट्टी)

महा प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन)

बैंक ऑफ इंडिया

मुम्बई, दिनांक 23.07.2001

Ref. No.

संख्या.आईएल:2001-02. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मंडल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतदद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :-

१. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :-

(1) इन विनियमों को बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) (संशोधन) विनियम, २००१ कहा जा सकेगा.

(2) ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे.

२. बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में विनियम ६ में, उप-विनियम (२) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :

"(2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की राय हो कि किसी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ दुराचरण या कदाचार के किसी अभ्यारोपण की सत्यता की जांच करने के लिए आधार है, तो वह स्वयं उसकी सत्यता की जांच कर सकेगा या किसी अन्य व्यक्ति, जो लोक सेवक है या रहा हो (जिसे इसमें इसके पश्चात जांच प्राधकारी कहा गया है) को उसकी सत्यता की जांच करने के लिए नियुक्त कर सकेगा.

स्पष्टीकरण :

जब अनुशासनिक प्राधिकारी स्वयं जांच करता है तो उप-विनियम (8) से लेकर उप-विनियम (21) तक में जांच प्राधिकारी के प्रति किसी निर्देश का अर्थ यह लगाया जाएगा कि वह अनुशासनिक प्राधिकारी के प्रति निर्देश है."

* जे. एस. दलाल *
उप महाप्रबंधक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
औद्योगिक संबंध विभाग
केंद्रीय कार्यालय

यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरिमन पौइंट, मुंबई – 400 021

दिनांक 11.11.2000

सं 3(ए)/11.11.2000 बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मण्डल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन, 1976 में संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियमन बनाता है नामत :

1. (i) इन विनियमनों को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियमन 2000 कहा जा सकेगा.

(ii) ये विनियमन राजपत्र की तारीख से प्रभावी होंगे.

2. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन (1976) में

(i) विनियम 3 के उप नियम (1) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, नामतः–

"प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बैंक के हितों को सुनिश्चित करने एवं उनकी रक्षा करने के लिए सदैव सभी संभव उपाए करेगा तथा अपना कार्य पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्ठा एवं तत्परता से करेगा तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जो एक अधिकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय हो."

(ii) विनियम 3 के उप नियम (3) के बाद निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, नामतः–

"बशर्ते कि, जहां ऐसे निदेश मौखिक रूप से दिए जाएं, इन निदेशों की पुष्टि उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखित रूप में की जाएगी."

(iii) विनियम 6 के उप–विनियम (i) में विद्यमान उपबंध के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामतः–

"किन्तु ऐसी मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक या धर्मार्थ, अवैतनिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकार के प्रासंगिक कार्य कर सकता है, बशर्ते कि उससे उसकी कार्यालय ड्यूटियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. लेकिन यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके लिए कारण बताते हुए ऐसे न किए जाने का अनुदेश दिया जाता है तो वह ऐसा कार्य नहीं करेगा या जारी नहीं रखेगा"

(iv) विनियम 6 के उप विनियम (4) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामतः

"(4) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए अपने द्वारा किए गये किसी कार्य के लिए शुल्क, पारिश्रमिक, मानदेय एवं किसी रूप में नकद अथवा इस प्रकार का कोई भुगतान स्वीकार नहीं करेगा."

(जी.आर.आनंद)
महा प्रबंधक(का)

मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
नई दिल्ली

शुद्धि पत्र **दिनांक: 25.06.2001**

भारत के राजपत्र, जनवरी, 6,2001 (पौष 16,1922) के भाग-III खण्ड-4 पृष्ठ 25 पर प्रकाशित अधिसूचना में चिकित्सा प्राधिकारी का नाम डा. आर.पी.रेगे व उनकी कार्यकाल अवधि 1.10.2000 से 30.9.2001 या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक पढ़ा जाए

स० सिंह
(डा.(श्रीमती) एस.सिंह)
चिकित्सा आयुक्त

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक: 6-7-2001

संख्या: एन-1 5/13/12/6/96-यो0एंव वि0

(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 अगस्त, 2001 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा राजस्थान कर्मचारी राज्य बीमा नियम- 1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ राजस्थान राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात:-

"बीकानेर नगर पालिका की विस्तारित सीमाओं के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र" ।

एन. आर. धिन्वर

(एन. आर. धिन्वर)
निदेशक (यो. एंव वि.)

नई दिल्ली, दिनांक: 10.7.2001

संख्या: एन-15/13/14/15/99-यो०एंव वि०

(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 अगस्त, 2001 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा तमिलनाडु कर्मचारी राज्य बीमा नियम- 1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिलनाडु राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात:-

"जिला डिन्डीगल में वड़मदुरै क्षेत्र में तालुक डिन्डीगल के अधीन आने वाले राजस्व ग्राम: सेन्कुरूचि, केम्बलियंपट्टी, पंगमानुतु, मडूर, पेरियकोट्टै, कोविलूर, तामरैपाडि, अम्मकुलतुपट्टी, मुल्लीपाडि तथा तालुक वेदसन्तूर में वडमदुरै, तन्नमपेट्टी, पागणताम, कोम्बेरिपेट्टी, पिलातु, कोलपेट्टी, मो[illegible], पत्तूर, वेलाइदम पालयम, सिंगारकोट्टै, कम्पाडि, वैलवरकोट्टै तथा पाडियूर" ।

(एन. आर. धिन्वर)
निदेशक (यो. एंव चि.)

नई दिल्ली, दिनांक: 21.7.2001

संख्या: एन-15/13/6/4/2000-पी0एंड डी0

(2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 01 अगस्त, 2001 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा केरल कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1957 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ केरल राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात:-

"जिला मलप्पुरम के तिरूर तालुक में राजस्व ग्राम कट्टीपरूत्ति और उत्तलनाड़ और पोनानी तालुक में राजस्व ग्राम ईडप्पाल के अधीन आने वाले क्षेत्र"।

(एन. आर. धिन्गर)
निदेशक (पी0एंड डी0)

श्रम मंत्रालय

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (केन्द्रीय कार्यालय)
14, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली-66

2 6 JUN 2001

सं0/1959/डी0एल0आई/एक्सम/98/भाग-I / 357 दिनांक:-

सा0 का0 मे0 टाटा इंटरनेशनल लि0, ब्लाक-ए शिवसागर इस्टेट, डा0 ऐनी0 मार्ग, वरली मुंबई-400018 तथा शाखा कोड सं0 एम.एच/6659 ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट विस्तार के लिए आवेदन किया है जिसे इस के पश्चात अधिनियम कहा गया है।

चूंकि मैं केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हु कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में उक्त स्थापना की लाईफ कवर स्कीम का लाभ उठा रहे है, जो कि ऐसे कर्मचारियों के कम कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभो से अधिक अनुकूल है जिसे इसमे इसके पश्चात स्कीम कहा गया है।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना सं0 2/1959/डी.एल.आई/एक्सम/89/पार्ट-I दिनांक 16.6.93 के अनुसरण में तथा संलग्नअनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त स्कीम के सभी उपबन्धो के संचालन में उक्त स्थापना को आगे के लिए छूट प्रदान करता हु दिनांक 1.3.93 से 28.2.2002 तक लागु होगा जिसमें यह तिथि 2002 भी शामिल है।

अनुसूची

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसके पश्चात नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियाँ भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय समय पर निर्दिष्ट करें।

3. लाईफ कवर स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना प्रभार संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित लाईफ कवर स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो नियोजक लाईफ कवर स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरंत दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते है, तो नियोजक लाईफ कवर स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए लाईफ कवर स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. लाईफ कवर स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. लाईफ कवर स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अथवा अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहाँ किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वहाँ क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारि को उस लाईफ कवर स्कीम के जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी राशि से कम हो जाते है तो यह रद्द की जा सकती है।

10. उक्त स्थापना भारतीय स्टेट बैंक में उचित शीर्षक/जिसको लाईफ कवर फंड कहा जाता है। के अन्तर्गत 5 लाख रुपये जमा करेगी और नियोक्ता समय समय पर कमी को पुनः पूर्ति करना सुनिश्चित करेगा ताकि किसी भी समय लाईफ फंड का राशि 5 लाख रुपये से कम ना हो। यदि किसी कारण से नियोक्ता लाईफ कवर फंड पुनः पूर्ति करने में असफल होता है तथा इसकी राशि 5 लाख रुपये से कम हो जाती है तो दी गई छुट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यक्तिक्रम की दशा में उन मृत्यु सदस्यों के नाम निर्देशों या विधिक वारिसों को जो शीघ्र यह छुट दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की को मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा जब भी हमारे एक्चुरी द्वारा प्रीमियम रेट बढ़ाया जायेगा शार्ट मनी भी बढ़ाई जायेगी।

ह (के. वी. त्रिवेदी) ह

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।

सा० का०........................ चूंकि मै० लैदर रबर इन्डस्ट्रिज इन्डस्ट्रियल डवलपमेंट ..
प्लोट, वेस्ट हिल कोजोकोड-673005 (केरला) . केआर/केके/1186 ....
को कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 (1952 का 19) की धारा 17 2(क) के अन्तर्गत अधिसूचना जारी होने के बाद छूट प्रदान की गई है ।

और नियोक्ता ने ..30.11.2000... तक कि मास्टर पोलिसी पुन: नवीनिकरण करा लिया है और कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना को क्रियान्वयन हेतु वापिस कर दिया है ।

उपरोक्त को देखते हुए मैं केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त 1.7.2000 .. से छूट रद्द करता है

(के. ऐ. त्रिपाठी)

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त,

गंगा यमुना ग्रामीण बैंक (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम - 2001

प्रादैशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा ३० द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गंगा यमुना ग्रामीण बैंक (बैंक का नाम) का निदेशक मण्डल भारतीय स्टेट बैंक (प्रायोजक बैंक), जो प्रायोजक बैंक है और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से परामर्श करने के पश्चात् और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :

(AWTAR KRISHAN)

3--199 GI/2001

अध्याय - 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना

(I) ये विनियम गंगा यमुना ग्रामीण बैंक (बैंक का नाम) (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2001 (वर्ष) कहलाएगें।

(II) ये विनियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे।

(III) ये बैंक के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी पर लागू होंगे।

परन्तु यह कि ये, इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय या निदेशक मण्डल द्वारा विशिष्ट रूप से या सामान्य रूप से यथा विनिर्दिष्ट सीमा तक

(क) दैनिक मजदूरी पर अस्थायी रूप से नियोजित किसी व्यक्ति पर अथवा संविदा के आधार पर लगे हुए ऐसे व्यक्ति पर,

(ख) प्रायोजक बैंक या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी अन्य संगठन से प्रतिनियुक्ति पर आए व्यक्ति पर लागू नहीं होंगे।

2. परिभाषाऐं –

इन विनियमों में जब तक कोई बात विषय या सन्दर्भ के प्रतिकूल न हो–

(क) "अधिनियम" से प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) अभिप्रेत है।

(ख) "नियत दिन" से सितम्बर 1987 का पहला दिन अभिप्रेत है।

(ग) "नियुक्ति प्राधिकारी" से विनियम 5 (1) में निर्धारित प्राधिकारी अभिप्रेत है।

(घ) "क्षेत्र प्रबंधक" से तत्समय क्षेत्र कार्यालय का प्रभार धारण करने वाला अधिकारी अभिप्रेत है।

(ड.) "बैंक" से अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत स्थापित गंगा यमुना ग्रामीण बैंक (बैंक का नाम) अभिप्रेत है।

(च) "निदेशक मण्डल" से बैंक का निदेशक मण्डल अभिप्रेत है।

(छ) "शाखा प्रबन्धक" से तत्समय शाखा का प्रभार धारण करने वाला अधिकारी अभिप्रेत है।

(ज) "कैलेण्डर वर्ष" से किसी वर्ष की पहली जनवरी से प्रारम्भ होकर उस वर्ष के 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाली अवधि अभिप्रेत है।

(झ) "सक्षम प्राधिकारी" से अधिकारियों के मामले में अध्यक्ष और कर्मचारियों के मामले में अध्यक्ष द्वारा पदनामित अधिकारी अभिप्रेत है।

(ञ) "ड्यूटी" में निम्नलिखित शामिल हैं :–

(क) परिवीक्षाधीन (व्यक्ति) के रूप में सेवा;

(ख) वह अवधि; जिसके दौरान अधिकारी या कर्मचारी कार्य ग्रहण समय पर हैं;

(ग) सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्राधिकृत आकस्मिक अवकाश, विशेष आकस्मिक अवकाश पर व्यतीत की गई अवधि; और

(घ) सेवा के दौरान प्रशिक्षण पर व्यतीत की गई अवधि।

(ट) "परिलब्धियों" से संवेतन और भत्तों का, यदि कोई हो, जोड़ अभिप्रेत है।

(ठ) "कर्मचारी" से विनियम 3 (क) (2) और (3) में विनिर्दिष्ट पदों में से किसी भी पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है और इसमें ऐसे कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनकी सेवाएं अस्थायी रूप से अन्य संगठनों को उधार दी जाती हैं।

(ड) "परिवार" से अधिकारी या कर्मचारी की पत्नी/का पति (यदि पति/पत्नी भी बैंक का/की अधिकारी या कर्मचारी नहीं है) और अधिकारी या कर्मचारी की ऐसी संतान, माता–पिता, भाई और बहनें, जो पूर्णतः अधिकारी या कर्मचारी पर आश्रित हैं, अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अन्तर्गत विधिक रूप से पृथक पति/पत्नी शामिल नहीं हैं।

(ढ) "अधिकरी" से विनियम 3 (क) (1) में विनिर्दिष्ट पदों में से किसी भी पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है।

(ण) "वेतन" से अवरोध वेतनवृद्धियों और परिलब्धियों के किसी भाग सहित, जिसे इन विनियमों के अन्तर्गत विशेष रूप से वेतन के रूप में वर्गीकृत किया जाए, किसी वेतन–मान में अधिकारी या कर्मचारी द्वारा प्रतिमाह प्राप्त किया जाने वाला मूल वेतन अभिप्रेत है।

(त) "संवेतन" से वेतन और मंहगाई भत्ते का जोड़ अभिप्रेत है।

(ध) "प्रायोजक बैंक" से भारतीय स्टेट बैंक अभिप्रेत है और

(द) "वरिष्ठ प्रबंधक" से प्रधान कार्यालय में किसी विभाग का प्रभार धारण करने वाला अधिकारी, जिसका रैंक स्केल–II के अधिकारी से कम न हो, अभिप्रेत है।

अध्याय - 2

अधिकारियों और कर्मचारियों का वर्गीकरण, नियुक्ति, परिवीक्षा और सेवा की समाप्ति

3. अधिकारियों और कर्मचारियों का वर्गीकरण

(क) बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाएगा

(1) समूह–क अधिकारी संवर्ग

I) स्केल – I

II) स्केल – II

III) स्केल – III

किसी वेतनमान के संबंध में पदनाम इस प्रकार होगा

I) अधिकारी

II) शाखा प्रबन्धक

III) क्षेत्र प्रबन्धक

IV) वरिष्ठ प्रबन्धक

और ऐसे अन्य वेतनमान और पदनाम, जिन्हें निदेशक मण्डल द्वारा केन्द्रीय सरकार से अनुमोदन से समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए।

(2) समूह–ख लिपिकीय संवर्ग

लिपिकीय संवर्ग अर्थात् लिपिक–सह खजांची, लिपिक–सह–टंकक, आशुलिपिक और ऐसी अन्य श्रेणियां, जिन्हें निदेशक मण्डल द्वारा केन्द्रीय सरकार से पूर्वानुमोदन से समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए।

(3) समूह–ग अधीनस्थ संवर्ग

(क) अधीनस्थ स्टॉफ अर्थात् संदेशवाहक, संदेशवाहक–सह–सफाई कर्मचारी, ड्राईवर–सह–संदेशवाहक, अंशकालिक संदेशवाहक–सह–सफाई कर्मचारी, सुरक्षा गार्ड और ऐसी अन्य श्रेणियां, जिन्हें निदेशक मण्डल द्वारा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए।

(ख) इस विनियम की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए अधिकारियों या कर्मचारियों के सभी संवर्गों या श्रेणियों का हर समय बैंक में कार्यरत होना अपेक्षित है।

4. अस्थायी कर्मचारी

इन विनियमों में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, अध्यक्ष ऐसे सामान्य या विशिष्ट अनुदेशों के अध्यधीन, जो समय–समय पर निदेशक मण्डल द्वारा जारी किया जाएं, किसी विशिष्ट जरूरत या परिस्थिति से निपटने के लिए किसी व्यक्ति को लिपिकीय संवर्ग और/या अधीनस्थ संवर्ग में वर्ष में 60 दिन से अनधिक की अवधि के लिए तदर्थ और/या अस्थायी आधार पर नियोजित कर सकता है।

परन्तु यह कि तदर्थ और/या अस्थायी आधार पर ऐसी नियुक्तियां प्रायोजक बैंक के परामर्श से की जाएंगी।

5. बैंक की सेवा में नियुक्ति

(1) अधिकारियों के संबंध में अध्यक्ष नियुक्ति प्राधिकारी होगा। कर्मचारियों के संबंध में महाप्रबन्धक नियुक्ति प्राधिकारी होगा।

परन्तु यह कि यदि महाप्रबन्धक के पद पर कोई पदधारी न हो, तो कर्मचारियों के संबंध में भी अध्यक्ष नियुक्ति प्राधिकारी होगा।

(2) बैंक में सभी नियुक्तियां विनियम 4 में यथा उपबंधित के सिवाय अधिनियम की धारा 29 के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएंगी।

(3) बैंक की सेवा में अपनी पहली नियुक्ति पर प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को बैंक द्वारा यथा निर्धारित या मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्राधिकारी से स्वस्थता (फिटनेस) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(4) (I) अनर्हता – ऐसा कोई भी व्यक्ति,

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है या विवाह करने का करार किया है, जिसकी पत्नी/पति जीवित हो,

अथवा

(ख) जिसने पत्नी/पति के जीवित होते हुए भी, किसी व्यक्ति के साथ विवाह किया हो या विवाह करने का करार किया हो, उक्त पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परन्तु यह कि यदि नियुक्ति प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के अन्य पक्षकार पर लागू स्वीय विधि के अन्तर्गत अनुज्ञेय है और यह कि ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं, तो वह इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकता है।

(II) घोषणा

बैंक की सेवा में अपनी पहली नियुक्ति पर प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी अनुसूची–II के अनुसार अपनी वैवाहिक स्थिति के बारे में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा।

6. वेतन–मान और भत्ते

विनियम 3 में उल्लिखित किसी भी समूह में किसी भी पद पर नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी का वेतन–मान, भत्ते और वेतनवृद्धियां उस प्रकार की होंगी, जो अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्धारित की जाएं।

7. सेवा का प्रारम्भ

बैंक में नियुक्त किसी भी व्यक्ति की सेवा, उसे दिए गए नियुक्ति के प्रस्ताव के निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार किसी भी पद पर ड्यूटी के लिए उसके रिपोर्ट करने के कार्य दिवस से आरम्भ होगी।

परन्तु यह कि यदि वह ऐसे कार्य दिवस के अपराह्न में कार्यग्रहण करता है, तो वह उस दिन का वेतन और भत्ते प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा।

8. परिवीक्षा

(I) स्केल–I में सीधे नियुक्त अधिकारी दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा एक वर्ष से अनाधिक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(II) अधिकारी संवर्ग के स्केल–I में किसी पद पर पदोन्नत कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा छः महीने से अनाधिक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(III) उच्चतर स्केल में पदोन्नत अधिकारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा छः महीने से अनाधिक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(IV) (क) लिपिकीय या अधीनस्थ संवर्ग में सीधे नियुक्त कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा छः महीने से अनाधिक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(ख) अधीनस्थ संवर्ग का कर्मचारी लिपिकीय संवर्ग में किसी पद पर पदोन्नत किए जाने पर छः महीने की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तीन महीने से अनाधिक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(V) किसी अधिकारी या कर्मचारी के मामले में परिवीक्षा की अवधि, उसके द्वारा ली गई असाधारण छुट्टी की मात्रा तक या नियुक्ति प्राधिकारी की राय में उस अवधि के दौरान उसका कार्यनिष्पादन असंतोषजनक होने पर अनुज्ञेय सीमाओं के अन्दर बढ़ाई जा सकेगी।

9. स्थायीकरण

(I) यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, किसी अधिकारी या कर्मचारी में अपनी परिवीक्षा संतोषजनक रूप से पूरी कर ली हो, तो उस अधिकारी या कर्मचारी को बैंक की सेवा में स्थायी कर दिया जाएगा।

(ii) यदि परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो, सहित परिवीक्षा की अवधि के दौरान, नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय हो कि अधिकारी या कर्मचारी सक्त पद पर स्थायीकरण के लिए उपयुक्त नहीं है, तो :

(क) सीधे नियुक्ति किए गए अधिकारी या कर्मचारी के मामले में, उसकी सेवाऐं एक महीने का नोटिस देकर अथवा उसके एवज में एक महीने का वेतन देकर समाप्त की जा सकती हैं।

(ख) बैंक की सेवा से पदोन्नत किए गए किसी अधिकारी या कर्मचारी के मामले में, उसे उसी पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है, जिससे उसे पदोन्नत किया गया था।

10. नोटिस द्वारा सेवा की समाप्ति

1. (क) कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नौकरी छोड़ने या आगे जारी न रखने या त्यागपत्र देने के अपने इरादे के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप में पूर्व नोटिस दिए बिना बैंक में अपनी नौकरी नहीं छोड़ सकेगा।

(ख) नोटिस की अपेक्षित अवधि इस प्रकार होगी :–

(i) किसी अधिकारी के मामले में तीन महीने और

(ii) किसी कर्मचारी के मामले में एक महीने।

(ग) किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उप–विनियम। (ख) के भंग के मामले में, उसे बैंक को क्षतिपूर्ति के रूप में, उससे अपेक्षित नोटिस की अवधि के उसके वेतन के बराबर रकम का भुगतान करना होगा।

2. उप–विनियम (i) में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी कोई अधिकारी या कर्मचारी, जिसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां लम्बित हैं, नियुक्ति प्राधिकारी के लिखित पूर्वानुमोदन के बिना बैंक की सेवा छोड़ नहीं सकेगा अथवा त्यागपत्र नहीं दे सकेगा और अनुशासनिक कार्यवाहियों से पूर्व या उसके दौरान ऐसे अधिकारी या कर्मचारी द्वारा दिया गया त्यागपत्र का कोई भी नोटिस तब तक प्रभावी नहीं होगा, जब तक उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार न कर लिया जाए।

स्पष्टीकरण

यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया हो या उसे यह कारण बताने का कोई नोटिस जारी किया गया हो कि उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां क्यों न शुरू की जाएं, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित किए जाने तक इस विनियम के प्रयोजन के लिए उस अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियों को लंबित माना जाएगा।

11. अधिवार्षिता और सेवा निवृत्ति

(1) कोई भी अधिकारी या कर्मचारी 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवा निवृत्त होगा।

परन्तु यह कि अध्यक्ष, इसमें इसके पश्चात् उप–विनियम (2) में यथा उपबंधित विशेष समीक्षा समिति द्वारा सिफारिश किए जाने पर, अपने विवेकानुसार किसी अधिकारी या कर्मचारी को 55 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद या बैंक में 30 वर्ष की कुल सेवा पूरी होने के बाद, जो भी पहले हो, किसी भी समय सेवा निवृत्त कर सकता है।

परन्तु यह भी कि इस उप–विनियम के तहत किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को तब तक सेवानिवृत्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि अधिकारी के मामले में कम से कम तीन महीने पहले और कर्मचारी के मामले में एक महीने पहले उसे लिखित में नोटिस न दे दिया जाए या ऐसे अधिकारी या कर्मचारी को उसके बदले अधिकारी के मामले में तीन महीने के बराबर और कर्मचारी के मामले में एक महीने के बराबर धनराशि न दे दी जाए।

परन्तु यह भी कि उप–विनियम (2) में किए गए प्रावधान के अनुसार अध्यक्ष के आदेश से असंतुष्ट अधिकारी या कर्मचारी आदेश दिए जाने के एक महीने के भीतर अध्यक्ष के निर्णय के विरूद्ध बोर्ड को लिखित अभ्यावेदन दे सकता है और ऐसा अभ्यावेदन मिलने पर बोर्ड तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेगा। जहाँ बोर्ड यह निर्णय लेता है कि अध्यक्ष द्वारा दिया गया आदेश न्यायोचित नहीं है, उस मामले में संबंधित अधिकारी या कर्मचारी इस तरह से बहाल कर दिया जाएगा, जैसे की अध्यक्ष ने कोई आदेश ही न दिया हो।

2) अध्यक्ष बोर्ड के कम से कम तीन सदस्यों वाली एक ऐसी विशेष पुनरीक्षा समिति का गठन करेगा, जो यह पुनरीक्षा करेगी कि उप–विनियम (1) के अनुसार किसी अधिकारी या कर्मचारी को सेवानिवृत्त कर दिया जाना चाहिए या नहीं। यह समिति प्रत्येक ऐसे अधिकारी या कर्मचारी के मामले की समय–समय पर पुनरीक्षा करेगी और अध्यक्ष को सिफारिश करेगी।

स्पष्टीकरण

इस विनियम के प्रयोजन के लिए वह अधिकारी या कर्मचारी, जिसकी जन्म–तिथि महीने की पहली तारीख हो, अधिवार्षिता की आयु पूरी होने वाले महीने के पिछले महीने के आखिरी दिन सेवानिवृत्त होगा। जो अधिकारी या कर्मचारी कैलेण्डर माह के दौरान पहले दिन को छोड़कर किसी अन्य दिन अधिवार्षिता की आयु पूरी करता है, वह उस महीने के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होगा।

अध्याय - 3

सेवा–रिकार्ड, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं प्रत्यावर्तन

12. सेवा–रिकार्ड

बैंक द्वारा प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी के संबंध में बैंक द्वारा समय–समय पर निर्धारित किए गए स्थान या स्थानों पर सेवा–रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र में रखा जाएगा और उसमें निर्धारित जानकारी निहित होगी।

13. वरिष्ठता

(I) बैंक उप–विनियम (3), (4), (5) और (6) के उपबंधों तथा बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों एवं मार्गनिर्देशों के अध्याधीन अधिकारी या कर्मचारी के प्रत्येक संवर्ग के लिए पृथक वरिष्ठता सूचियां तथा संवर्ग के अन्तर्गत संवर्ग–वार सूचियां रखेगा।

(II) इन वरिष्ठता सूचियों को बैंक द्वारा निर्धारित किए गए अन्तरालों पर पुनरीक्षा की जाएगी एवं उन्हें अद्यतन किया जाएगा तथा इन्हें अधिकारियों या कर्मचारियों, जैसा भी मामला हो, के बीच परिचालित किया जाएगा।

(III) (क) किसी संवर्ग या वेतनमान में पदोन्नत अधिकारी या कर्मचारी की वरिष्ठता की गणना उस संवर्ग या वेतनमान में उसकी नियुक्ति की तारीख के सन्दर्भ में की जाएगी।

(ख) जहाँ उस संवर्ग या वेतनमान में समान सेवा विस्तार वाले दो या अधिक पदोन्नत अधिकारी या कर्मचारी हों, वहाँ उनकी परस्पर वरिष्ठता की गणना उनकी इससे ठीक पहले के संवर्ग या वेतनमान में उनकी वरिष्ठता के सन्दर्भ में की जाएगी।

(ग) जहाँ ऐसे पूर्ववर्ती संवर्ग या वेतनमान में समान सेवा विस्तार वाले दो या अधिक पदोन्नत अधिकारी या कर्मचारी हों, वहाँ उनकी वरिष्ठता उससे ठीक पहले के संवर्ग या वेतनमान, जैसा भी मामला हो, के सन्दर्भ में निर्धारित की जाएगी।

IV) जो भूतपूर्व क्षेत्र अधिकारी या शाखा प्रबन्धक वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग, नई दिल्ली के दिनांक 29 अप्रैल, 1980 के पत्र संख्या एफ–2/17/79–आर आर बी द्वारा परिचालित संशोधित वेतनमानों को बैंक द्वारा अपनाए जाने की तारीख को बैंक की सेवा में थे, शाखा प्रबन्धकों की तुलना में उनकी वरिष्ठता की गणना इस तरह की जाएगी कि सभी भूतपूर्व क्षेत्र अधिकारी और/या लेखाकार तत्कालीन मौजूद शाखा प्रबन्धकों की तुलना में कनिष्ठ रैंक में होंगे, बशर्ते कि सरकार के दिनांक 22 फरवरी, 1991 के पत्र संख्या 11–3/90–आरआरबी (I) से ठीक पहले मौजूद संवर्ग या वेतनमान के अन्तर्गत आने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों की परस्पर वरिष्ठता वही रहे।

V) किसी संवर्ग या वेतनमान में किसी बैंच में सीधे भर्ती हुए अधिकारियों या कर्मचारियों की पारस्पर वरिष्ठता की गणना उनके चयन के समय उनको आबंटित रैंक के संन्दर्भ में की जाएगी। बशर्ते कि यदि सामान्य या आरक्षित श्रेणियों के सहत भर्ती किए गए अधिकारी या कर्मचारी बैंक को आबंटित किए जाते हैं तो एक ही तारीख को कार्यभार ग्रहण करने वाली अभ्यार्थियों की परस्पर वरिष्ठता आरक्षित श्रेणी के लिए आनुमानिक अंक जोड़े बिना ऐसे अभ्यार्थियो द्वारा प्राप्त किए गए अंकों के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

14. पदोन्नति

सभी पदोन्नतियां बैंक के स्वनिर्णय से की जाएंगी और कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी पद या संवर्ग में पदोन्नति के लिए अधिकार पूर्वक दावा नहीं कर सकता है।

परन्तु यह कि बैंक में अधिकारियों या कर्मचारियों की पदोन्नतियां केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 29 के अनुसार तैयार किए गए नियमों के अनुसार की जाएगी।

15. प्रत्यावर्तन

कोई ऐसा अधिकारी या कर्मचारी जिसे अपेक्षाकृत उच्च संवर्ग या वेतनमान में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया हो या जहाँ उच्च संवर्ग या वेतनमान में स्थायीकरण किसी विशिष्ट अवधि या अन्यथा परिवीक्षा में रहने के अध्यधीन हों, वहाँ उसे बिना नोटिस दिए स्थानापन्न रूप से कार्य करने या परिवीक्षा से किसी भी समय प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

अध्याय - 4

आचरण, अनुशासन एवं अपील

16. किसी अधिकारी या कर्मचारी की सेवा की गुंजाइश

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी बैंक का पूर्णकालिक अधिकारी या कर्मचारी होगा और उसकी सेवाऐं बैंक को प्रदान की जाएंगी तथा वह बैंक को उसके कारोबार में उस व्यक्ति या व्यक्तियों, जिनके न्याय–निर्णय, निगरानी या नियंत्रण में उसे रखा गया हो, के निर्देशानुसार क्षमता और स्थान पर सहायता देगा।

17. विनियमों एवं आदेशों के अनुपालन का दायित्व

बैंक का प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी इन विनियमों के अनुसार कार्य करेगा और उनका अनुपालन करेगा तथा उस व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा समय–समय पर दिए गए सभी आदेशों एवं निर्देशों का भी अनुपालन करेगा, जिनके न्याय–निर्णय, निगरानी या नियंत्रण में उसे रखा गया हो।

18. गोपनीयता बनाए रखने का दायित्व

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी अपने ग्राहकों के बैंक सम्बन्धी कार्यों के मामलों के सम्बन्ध में पूर्ण गोपनीयता बनाए रखेगा और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी गोपनीय प्रकृति की सूचना को जनता के किसी व्यक्ति या बैंक के किसी कर्मचारी पर तब तक प्रकट नहीं करेगा, जब तक वह न्यायिक या अन्य प्राधिकरण द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न हो या जब तक उसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अपना कर्तव्य पूरा करने हेतु ऐसा करने के लिए न कहा जाए। इसे सूचित करने के लिए प्रत्येक कर्मचारी अनुसूची सं0 1 में यह घोषणा करेगा।

19. बैंक–हित को बढ़ाने का दायित्व

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी बैंक की सेवा ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करेगा और बैंक का हित बढ़ाने के लिए भरसक प्रयत्न करेगा तथा सरकारी अधिकारियों, बैंक के ग्राहकों के साथ लेन–देन करते समय शिष्टाचार दिखाएगा एवं उन पर ध्यान देगा।

20. प्रेस, रेडियों आदि का योगदान

कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना बैंक के कार्यों के सम्बन्ध में प्रेस या रेडियों या दूरदर्शन आदि के लिए कोई भी लेख नहीं देगा और ऐसी मंजूरी के बिना ऐसे किसी दस्तावेज या जानकारी को सार्वजनिक या प्रकाशित नहीं करेगा, जो उनकी सरकारी क्षमता में उसके अधिकार में है।

21. अधिकारी या कर्मचारी द्वारा बाहर के रोजगार या व्यवसाय या पारिवारिक व्यवसाय बढ़ाने में भाग न लेना।

कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना कोई भी बाहरी क्रियाकलाप, रोजगार या कार्यालय, चाहे वह वेतनभोगी हो या अवैतनिक, को स्वीकार, उसके लिए अनुरोध या मांग नहीं करेगा।

परन्तु कोई अधिकारी कर्मचारी ऐसी मंजूरी के बिना किसी सामाजिक या धर्म–दाय स्वरूप का अवैतनिक कार्य अथवा साहित्यिक, कलात्मक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक अथवा सामाजिक प्रकृति का आकस्मिक कार्य इस शर्त के अधीन रहते हुए कर सकता है कि उससे उसके कार्यालयीन कार्यों में कोई बाधा न पहुँचे।

परन्तु यह भी कि उस कार्य को वह हाथ में नहीं लेगा या उसे करना बन्द कर देगा यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसा करने का निर्देश दिया जाए।

स्पष्टीकरण

(I) अधिकारी या कर्मचारी के परिवार का कोई सदस्य यदि किसी व्यापार या किसी कारोबार में लगा है या किसी बीमा एजेंसी या कमीशन एजेंसी का स्वामी है या उसका प्रबन्ध करता है तो वह इसकी सूचना बैंक को देगा।

(II) किसी बीमा एजेन्सी या कमीशन एजेन्सी के जो उसके परिवार के किसी सदस्य के स्वामित्व में या प्रबन्ध के अधीन हो, व्यापार में सहायता के लिए प्रचार करने के कार्य को इस उप विनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

(III) कोई अधिकारी या कर्मचारी बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना और अपने अधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने के सिवाय, किसी ऐसे बैंक या अन्य कम्पनी के, जिसे कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अधीन रजिस्ट्रीकृत करना अपेक्षित है, अथवा वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए किसी सरकारी समिति के रजिस्ट्रीकरण प्रवर्तन या प्रबन्ध में भाग नहीं लेगा।

परन्तु कोई अधिकारी या कर्मचारी सोसायटी अधिनियम, 1912 (1912 का 2) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी ऐसी सहकारी समिति के, जो सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो या किसी साहित्यिक, वैज्ञानिक या परोपकारी समिति के रजिस्ट्रीकरण, प्रवर्तन या प्रबन्ध में भाग ले सकता है।

(IV) कोई अधिकारी या कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना किसी सार्वजनिक संस्था या प्राईवेट व्यक्ति से उसके लिए अपने द्वारा किए गए किसी काम के बदले कोई फीस स्वीकार नहीं करेगा।

22. अधिकारी या कर्मचारी का अनुमति लिए बिना ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं होना या उपस्थिति में देर न करना

(I) कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लिए बिना ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं होगा और न ही वह बीमारी या दुर्घटना के मामले में समुचित चिकित्सा प्रमाण पत्र के प्रस्तुत किए बिना अनुपस्थित रहेगा।

(II) कोई अधिकारी या कर्मचारी, जो बिना छुट्टी के ड्यूटी से अनुपस्थित रखता है या मंजूर की गई छुट्टी से अधिक समय तक छुट्टी पर रहता है तो वह ऐसा अनुपस्थिति या अधिक समय तक छुट्टी पर रहने की अवधि के लिए कोई वेतन एवं भत्ते लेने का हकदार नहीं होगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

परन्तु यदि सक्षम प्राधिकारी संतुष्ट हो कि अधिकारी या कर्मचारी ऐसी परिस्थितियों में अनुपस्थित या अधिक छुटटी में रहा जो उसके नियंत्रण से बाहर थी तो वह ऐसी अनुपस्थिति या अधिक छुट्टी को अनदेखी कर सकता है और निर्देश दे सकता है कि ऐसी अनुपस्थिति या अधिक छुट्टी को स्वीकार्य छुट्टी द्वारा नियमित किया जाए।

23. स्टेशन से बाहर रहना

यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अन्य मामलों में शाखा प्रभारी या प्रभारी अधिकारी या शाखा प्रबन्धक का कार्यभार लेता है तो वह अध्यक्ष की पूर्व मंजूरी के बिना रात भर मुख्यालय से बाहर नहीं रह सकता।

24. उपहार और दहेज स्वीकार करने से मनाही

(I) कोई अधिकारी या कर्मचारी न तो स्वयं बैंक के किसी ग्राहक से या अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी से कोई उपहार स्वीकार करेगा और न ही अपने परिवार के किसी सदस्य या अपनी ओर से कार्य कर रहे किसी अन्य व्यक्ति को उपहार स्वीकार करने की अनुमति देगा।

(II) कोई अधिकारी या कर्मचारी :–

(1) दहेज नहीं देगा या नहीं लेगा या दहेज लेने के लिए नहीं उकसाएगा या

(2) दुल्हन या दूल्हे के माता–पिता या संरक्षक से, जैसा भी मामला हो, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई दहेज नहीं मांगेगा।

स्पष्टीकरण

इस विनियम के लिए "दहेज" का वही अर्थ है, जो दहेज प्रतिबन्ध अधिनियम, 1961 (1961 का 28) में है।

25. स्टॉकों, शेयरों आदि में सट्टेबाजी

कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी संस्था के स्टॉकों, शेयरों, प्रतिभूतियों या किसी किस्म की वस्तुओं में सट्टेबाजी नहीं करेगा।

परन्तु यह विनियम किसी रूप में किसी अधिकारी या कर्मचारी को अपने तरीके से अपनी निधियों का प्रमाणिक निवेश करने से रोकने वाला नहीं माना जाएगा।

स्पष्टीकरण

किसी संस्था के स्टॉकों, शेयरों या प्रतिभूतियों या किसी किस्म की वस्तु की जल्दी–जल्दी क्रय या विक्रय करना इस विनियम के प्रयोजन के लिए सट्टेबाजी माना जाएगा।

26. कर्ज लेने और देने तथा निवेशों पर प्रतिबन्ध

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से :–

(I) किसी दलाल या साहूकार या बैंक के किसी अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी या किसी ऐसे व्यक्ति, व्यक्तियों के संघ, फर्म कंपनी या संस्था से, चाहे यह निगमित हो या न हो, जिसके साथ बैंक का लेन–देन का व्यवहार हो, कर्ज नहीं लेगा या अपने परिवार के किसी सदस्य को कर्ज लेने की अनुमति नहीं देगा या अन्यथा स्वयं को या अपने किसी परिवारजन को किसी आर्थिक बाध्यता में नहीं डालेगा।

(II) किसी बिक्री के मामले में डिलीवरी या स्क्रिप्स की खरीदारी के मामले में पूरी कीमत चुकाने के लिए धन के बिना स्टॉकों, शेयरों या किसी भी तरह की प्रतिभूतियों की खरीद–फरोख्त नहीं करेगा।

(III) किसी घुड़दौड़ के समय ऋण नहीं लेगा।

(IV) बैंक के किसी संघटक को निजी हैसियत में कर्ज नहीं देगा या विनियम पत्रों, सरकारी ऋण पत्र या किन्हीं अन्य प्रत्याभूतियों की खरीद–फरोख्त में ऐसे संघटक से कोई व्यक्तिगत लेन–देन का व्यवहार नहीं रखेगा। और

(V) सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अपनी निजी हैसियत से किसी अन्य व्यक्ति की आर्थिक बाध्यताओं की गारंटी नहीं देगा या उस हैसियत में किसी व्यक्ति की क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत नहीं होगा।

परन्तु कोई अधिकारी कर्मचारी किसी रिश्तेदार या निजी मित्र से बिना ब्याज की कम रकम वाला बिल्कुल अस्थायी कर्ज ले सकता है या उन्हें दे सकता है, या किसी वास्तविक व्यापारी के पास उधारखाता खोल सकता है या अपने किसी निजी कर्मचारी का वेतन अग्रिम दे सकता है।

परन्तु कोई अधिकारी कर्मचारी किसी ऐसी सहकारी उधार सोसायटी से ऋण प्राप्त कर सकता है जिसका वह सदस्य हो या जिस सहकारी उधार सोसायटी का वह सदस्य हो, उससे किसी अन्य सदस्य द्वारा लिए गए ऋण के लिए जमानत दे सकता है।

2. कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अपने निजी कार्यों को इस तरह से व्यवस्थित करेगा कि वह दिवालिएपन या आदतन ऋणग्रस्तता से बच सके। ऐसा अधिकारी या कर्मचारी जो ऋणग्रस्त हो, सक्षम प्राधिकारी को 30 जून एवं 31 दिसम्बर को अपनी छमाही स्थिति का विवरण हस्ताक्षर करके देगा और विवरण में अपनी स्थिति को सुधारने के लिए उपायों का उल्लेख करेगा। ऐसा अधिकारी या कर्मचारी जो इस नियम के तहत झूठा विवरण देता है या जो निर्धारित विवरण नहीं दे पाता या जो उचित समय–सीमा के अन्दर अपना ऋण चुकाने में असमर्थ रहता है या बचाव के लिए दिवालिएपन से सम्बन्धित न्यायालय में आवेदन करता है, उसे बर्खास्त किया जा सकता है।

स्पष्टीकरण – 1 : इस नियम के प्रयोजन से किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को ऋणी समझा जाएगा अगर उसकी कुल देयताएँ पूरी तरह से सुरक्षित देयताओं को छोड़कर, बारह माह के मूल वेतन से अधिक हैं।

स्पष्टीकरण – 2 : किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को पर्याप्त समय के भीतर अपने ऋण परिसमाप्त करने में असमर्थ समझा जाएगा अगर उसके निजी संसाधनों एवं अपरिहार्य चालू खर्चों को ध्यान में रखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वह दो वर्षों की अवधि के भीतर ऋण से मुक्त नहीं होगा।

27. चल, अचल और बहुमूल्य सम्पत्ति

1. प्रत्येक अधिकारी अपनी पहली नियुक्ति पर निम्नलिखित के सम्बन्ध में पूरा ब्यौरा देते हुए अपनी अस्तियों एवं देयताओं से सम्बन्धित एक विवरणी प्रस्तुत करेगा :–

   (क) उसके द्वारा विरासत में प्राप्त या उसके स्वामित्व वाली या उसके द्वारा अर्जित अथवा उसके द्वारा अपने नाम से या उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम से पट्टे या बंधक के रूप में धारित अचल सम्पत्ति।

   (ख) उसके द्वारा विरासत में प्राप्त या उपर्युक्त रूप से उसके स्वामित्व वाली या उसके द्वारा अर्जित या धारित शेयर, डिबेन्चर और नकदी, जिसके अन्तर्गत बैंक में जमा धन भी है :

   (ग) उसके द्वारा विरासत में प्राप्त और उपर्युक्त रूप से उसके स्वामित्व वाली या उसके द्वारा अर्जित या धारित अन्य चल सम्पत्ति : तथा

   (घ) उसके द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लिए कर्ज और उठाए गए अन्य दायित्व परन्तु उस अधिकारी के मामले में, जो उस तारीख को जब ये विनियम लागू हों, बैंक में सेवारत हों, वह इन विनियमों के लागू होने के तीन महीने के भीतर इस विनियम की शर्तों के अनुरूप विवरणी प्रस्तुत करेगा। यह विवरणी अधिकारी की अस्तियों और देयताओं की उस तारीख की स्थिति के बारे में होगी जब से ये विनियम लागू हों।

2. प्रत्येक अधिकारी प्रतिवर्ष उस वर्ष के 30 अप्रैल से पहले उस वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी चल, अचल सम्पत्ति की एक विवरणी बैंक को प्रस्तुत करेगा।

3. कोई अधिकारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व जानकारी के बिना अपने नाम में या अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम में कोई अचल सम्पत्ति पट्टे, बंधक, क्रय, विक्रय, उपहार या किसी अन्य रूप में न तो अर्जित करेगा और न उसका निपटान करेगा।

परन्तु अधिकारी कर्मचारी द्वारा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी प्राप्त की जाएगी यदि ऐसा कोई लेन–देन :–

(क) किसी ऐसे व्यक्ति के साथ किया जाए जिसके साथ अधिकारी के अधिकारिक सम्बन्ध हों ;

(ख) किसी नियमित या प्रतिष्ठित व्यापारी के माध्यम से करने के बजाए अन्यथा किया जाए।

4. प्रत्येक अधिकारी उस चल सम्पत्ति से सम्बन्धित प्रत्येक लेन–देन की सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा, जो उसके अपने नाम में या उसके किसी परिवार जन के नाम से उसके पास हो या उसके स्वामित्व में हों, यदि उस सम्पत्ति का मूल्य 10,000/– रू0 से अधिक हो।

परन्तु सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी तब अवश्य प्राप्त करनी होगी। यदि ऐसा कोई लेन–देन:

(क) ऐसे व्यक्ति के साथ हो जिसका अधिकारी के साथ अधिकारिक व्यवहार हो, या

(ख) किसी नियमित या प्रतिष्ठित व्यापारी के माध्यम से न होकर अन्यथा हो।

5. पूर्वगामी उपविनियम में दिए गए किसी तथ्य के बावजूद सक्षम प्राधिकारी किसी भी समय सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी से उस चल या अचल सम्पत्ति का, जो उसके पास हो या उसके द्वारा अथवा उसकी ओर से उसके किसी परिवार जन द्वारा धारित हो या अर्जित की गई हो, उक्त आदेश में निर्देश के अनुसार और आदेश में निर्दिष्ट अवधि के भीतर ब्यौरेवार सम्पूर्ण विवरण पेश करने की मांग कर सकता है। यदि बैंक द्वारा कहा गया हो तो उस विवरण में उन स्रोतों के ब्यौरे भी जिनसे यह सम्पत्ति अर्जित की गई हो, शामिल करने होंगे।

28. <u>विवाह सम्बन्धी पाबंदी</u> :

(1) (I) कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी किसी ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या पत्नी जीवित हो, न तो विवाह करेगा और न ही विवाह करने की संविदा करेगा : और

(II) कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से न तो विवाह करेगा और न ही विवाह करने की संविदा करेगा

परन्तु किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को खण्ड (1) या खण्ड (2) में उल्लिखित कोई ऐसा विवाह करने या विवाह संविदा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी अनुमति दे सकता है।

बशर्ते उसका यह समाधान हो जाए कि :–

(क) ऐसे अधिकारी अथवा कर्मचारी और विवाह के दूसरें पक्षकार को लागू स्वीय विधि (पर्सनल लॉ) के अधीन ऐसे विवाह के लिए अनुमति दी जा सकती है : और

(ख) ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं।

(2) यदि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी ने किसी ऐसे व्यक्ति से जो भारतीय नागरिक नहीं है, विवाह किया है या करना है तो वह इस तथ्य की सूचना बैंक को तुरन्त देगा।

29. कर्ज अथवा दण्डनीय अपराध के लिए गिरफ्तार अधिकारी अथवा कर्मचारी

(1) अधिकारी अथवा कर्मचारी जिसे कानून की किसी प्रक्रिया के अनुसरण में कर्ज के लिए अथवा किसी दंडनीय आरोप के लिए गिरफ्तार किया जाता है अथवा नजरबंद किया जाता है, सक्षम अधिकारी द्वारा यथा निर्देशित, उसकी गिरफ्तारी की तारीख से अथवा जैसा मामला हो, उसे नजरबंद करने की तारीख से ऐसी तारीख तक अथवा ऐसी अवधि के दौरान, जैसा सक्षम प्राधिकारी ने निर्देश दिया हो, निलंबित अथवा निलंबनाधीन माना जाएगा।

बशर्ते कि उस अवधि के सम्बन्ध में जिसके लिए उसे ऐसा माना जाता है, उसे विनियम 44 में यथा विनिर्दिष्ट निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

(2) किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को उप विनियम (1) के अन्तर्गत किया गया कोई भुगतान उसके वेतन एवं भत्तों के समायोजन के अध्यधीन होगा जो मामले की परिस्थितियों के अनुसार तथा इस निर्णय के सम्बन्ध में कि क्या ऐसी अवधि की गणना ड्यूटी की अवधि अथवा छुट्टी के रूप में मानी जाए, के अनुसार किया जाएगा।

पूरा वेतन तथा भत्ते अनुमत्य होंगे बशर्ते कि अधिकारी अथवा कर्मचारी को

(क) ऐसी अवधि के दौरान ड्यूटी पर होना माना जाता है : तथा

(ख) सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है अथवा सक्षम प्राधिकारी को अपने नजरबंदी से रिहाई के मामले में अथवा सक्षम न्यायालय द्वारा अपनी नजरबंदी अपास्त करवाने में संतुष्ट कर देता है कि यह अनुचित आचरण का दोषी नहीं पाया गया है जिसके परिणामस्वरूप उसे नजरबंद किया गया था।

(3) (क) अधिकारी अथवा कर्मचारी निलम्बन अथवा विनियम 38 में उल्लिखित अन्य किसी शास्ति का दायित्वाधीन होगा अगर वह कर्ज के लिए जेल जाता है अथवा कोई ऐसा अपराध करता है जो सक्षम प्राधिकारी के मत में किसी नैतिक चरित्रहीनता से जुड़ा हुआ है, अथवा बैंक के किसी कार्य से सम्बन्ध रखता है अथवा बैंक में अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा की गई अपनी ड्यूटी से जुड़ा हुआ है, इस सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी का मत अंतिम एवं अधिकारी अथवा कर्मचारी पर बाध्य होगा।

(ख) ऐसा निलम्बन अथवा अन्य शास्ति उसके जेल जाने की अथवा दोषी पाए जाने की तारीख से अतिरोपित की जाएगी तथा ऐसे अतिरोपण पर विनियम 38 का कोई अंश लागू नहीं होगा।

(4) जहाँ कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी का निलम्बन उप विनियम (3) के अनुसरण में किया जाता है तथा उच्च न्यायालय द्वारा सापेक्ष दोषारोपण अपास्त कर दिया जाता है तथा अधिकारी अथवा कर्मचारी को सम्मानपूर्वक मुक्त कर दिया जाता है, तब उसे सेवा में बहाल किया जाएगा।

(5) जहाँ किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी की अनुपस्थिति छुट्टी लिए बिना है अथवा उसका स्वीकृत छुट्टी से अधिक समय तक छुट्टी पर रहने का कारण कर्ज के लिए अथवा दंडनीय आरोप के कारण हिरासत में होना अथवा कानूनी किसी प्रक्रिया के अनुसरण में नजरबंद किया जाना है, विनियम 22 के उपबंध भी लागू होंगे, यथा लागू विनियम के प्रयोजन के लिए अधिकारी अथवा कर्मचारी को छुट्टी के बिना अनुपस्थित होना माना जाएगा अथवा जैसा मामला हो, उसके नियत्रण से बाहर की परिस्थितियों में अन्यथा छुट्टी से अधिक रूका हुआ माना जाएगा।

30. राजनीति में भाग लेने तथा चुनाव लड़ने पर प्रतिबन्ध

कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी राजनीति में अथवा राजनीतिक प्रदर्शन में सक्रिय रूप से भाग नहीं लेगा अथवा नगर परिषद, जिला परिषद, जिला मंडल/बोर्ड अथवा अन्य किसी स्थानीय अथवा विधायी निकाय के सदस्य के रूप में चुनाव नहीं लडेगा।

31. कुछ संघों का सदस्य बनने, हड़ताल आदि में भाग लेने पर प्रतिबंध

(1) कोई अधिकारी, जो औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 में दिए गए अर्थ के अनुसार "कर्मकार" नहीं है,

(क) बैंक के कर्मचारियों जो उस अधिनियम के अर्थ में कर्मकार हैं, के किसी मजदूर संघ अथवा ऐसे मजदूर संघों के किसी महासंघ का सदस्य नहीं बनेगा अथवा सदस्य बना रहेगा अथवा पदधारी अथवा अन्यथा स्पष्ट अथवा अस्पष्ट रूप से उससे कोई सम्बद्ध होगा।

(ख) बैंक के किसी कर्मचारी की सेवा शर्तों अथवा अपनी सेवा शर्तों से सम्बन्धित किसी मामले के सम्बन्ध में किसी प्रदर्शन का आश्रय अथवा किसी रूप में उकसाना, किसी रूप में हड़ताल अथवा किसी हिंसात्मक, अनुचित अथवा अशोभनीय कृत्य नहीं करेगा।

(2) कोई कर्मचारी, जो उस ग्रेड अथवा पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करता है जो उपर्युक्त उल्लिखित "कर्मकार" या ग्रेड अथवा पद नहीं है के सम्बन्ध में ये विनियम तब तक लागू रहेंगे जब तक कर्मचारी ऐसे उच्च ग्रेड अथवा पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करता रहेगा।

(3) कोई कर्मचारी किसी ऐसी संस्था का सदस्य नहीं बनेगा अथवा बना रहेगा जिसके उद्देश्य और गतिविधियां भारत की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता के हितों के, राज्य की सुरक्षा के, बाह्य राज्यों के साथ मित्रता के सम्बन्धों के, सार्वजनिक व्यवस्था, निन्दा अथवा अपराध प्रेरण के प्रतिकूल हों।

32. साक्ष्य देना

(I) कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी व्यक्ति, समिति या प्राधिकारी द्वारा आयोजित किसी जाँच के सिलसिले में साक्ष्य नहीं देगा।

(II) जहाँ उप विनियम (1) के अन्तर्गत अनुमति दी गई हो वहाँ कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी ऐसा साक्ष्य देते हुए केन्द्रीय सरकार की, राज्य सरकार या बैंक की नीति या उसके किसी कार्य की आलोचना नहीं करेगा।

33. बैंक अधिकारी अथवा कर्मचारी के सम्मान में कार्यक्रम

(1) कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना कोई सम्मानार्थ या विदाई अभिनंदन स्वीकार नहीं करेगा या कोई प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं करेगा या अपने सम्मान में या बैंक के किसी अन्य अधिकारी अथवा कर्मचारी के सम्मान में आयोजित किसी सभा या सत्कार आयोजन में भाग नहीं लेगा :

परन्तु यह उप विनियम किसी भी रूप में निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा :—

(क) अधिकारी अथवा कर्मचारी या बैंक के अन्य किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को सेवानिवृत्त या बदली होने के अवसर पर या जिस व्यक्ति ने हाल ही में बैंक की नौकरी छोड दी हो उसके सम्मान में आयोजित पर्याप्त रूप से निजी और अनौपचारिक प्रकृति का विदाई आयोजन : और

(ख) बैंक अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के संघ द्वारा आयोजित साधारण तथा कम खर्च वाला सत्कार स्वीकार करना।

(2) (क) कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी बैंक के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दबाव डालकर प्रभाव के द्वारा उसे विदाई आयोजन में चन्दा देने के लिए राजी या बाध्य नहीं करेगा।

(ख) कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी किसी उच्च ग्रेड वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी के सत्कार के लिए किसी मध्यम या निम्न ग्रेड वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी से विदाई आयोजन के लिए चन्दा एकत्र नहीं करेगा।

34. अनुयाचन

कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी बैंक के अधीन अपने सेवा से सम्बन्धित मामलों के बारे में अपने हितों को बढ़ाने के लिए किसी उच्च अधिकारी पर कोई राजनैतिक या अन्य बाहरी प्रभाव नहीं डलवाएगा और न ही डलवाने का प्रयास करेगा।

35. चन्दा

कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार के उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्राहकों से कोई निधि बनाने या नकद या वस्तु के रूप मे कोई अन्य सग्रहण करने के काम में स्वयं को शामिल नहीं करेगा या उसके लिए चन्दा स्वीकार नहीं करेगा या चन्दा नही मांगेगा।

36. मादक द्रव्यों का सेवन

अधिकारी अथवा कर्मचारी –

(क) जिस किसी क्षेत्र मे जिस समय भी मौजूद हो, वहाँ वह उस क्षेत्र मे मादक पेय, औषध द्रव्यों (ड्रग) या अन्य पदार्थों से सम्बन्धित लागू किसी भी कानून का ठीक पालन करेगा:

(ख) अपनी ड्यूटी के दौरान किसी मादक पेय, औषध अथवा अन्य पदार्थ के असर में नहीं रहेगा और यह सावधानी बरतेगा कि उसके कर्त्तव्यों के पालन किए जाने में ऐसे पेय, औषध अथवा अन्य पदार्थ का किसी तरह से कोई दुष्प्रभाव न हो :

(ग) सार्वजनिक स्थल पर मादक पेय, औषध अथवा अन्य पदार्थों का उपयोग नहीं करेगा :

(घ) नशे की हालत मे किसी सार्वजनिक स्थल पर उपस्थित नही होगा।

स्पष्टीकरण :

इस नियम के प्रयोजन के लिए "सार्वजनिक स्थान" से ऐसा कोई भी स्थान या परिसर (जिसके अन्तर्गत क्लब, चाहे वे ऐसे सदस्यों के लिए अन्य रूप से हों जहाँ उन्हें गैर सदस्यो को मेहमानो के रूप में आमत्रित करने की अनुमति प्राप्त है, बार और रेस्तरां, भी हैं) अभिप्रेत है जहाँ साधारण्या जन भुगतान करके अथवा अन्यथा प्रवेश कर सकता है या उसे प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है।

37. यौन उत्पीड़न

कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी कार्य स्थल पर किसी महिला के साथ यौन उत्पीडन का कोई कृत्य नहीं करेगा।

स्पष्टीकरण :

इस विनियम के प्रयोजन के लिए "यौन उत्पीडन" में प्रत्यक्षत अथवा अप्रत्यक्षत ऐसे अवांछनीय कामुक व्यवहार शामिल हैं, जैसे :–

(क) शारीरिक स्पर्श और पहल

(ख) यौन चाह की मांग अथवा अनुरोध

(ग) यौन रंजित अभ्युक्तियां

(घ) कोई अश्लील साहित्य दिखाना, अथवा

(ड़) कोई अवांछनीय शारीरिक, मौखिक अथवा गैर–मौखिक यौन प्रकृति का आचरण।

38. शास्तियां

इस अध्याय के पूर्ववर्ती विनियमों के पूर्वाग्रह के बिना, अगर कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी इन विनियमों का उल्लंघन करता है अथवा उपेक्षा, अकुशलता अथवा निष्क्रियता दर्शाता है अथवा बैंक के हितों के लिए हानिकर अथवा इसके अनुदेशों के प्रतिकूल कार्य करता है अथवा अनुशासन भंग का कार्य करता है अथवा कदाचार के किसी कार्य के लिए दोषी है, नीचे दी गई शास्तियों में से किसी एक अथवा अधिक का दोषी होगा।

1. अधिकारी

(क) छोटे दण्ड :

(I) निन्दा करना :

(II) संचयी प्रभाव सहित या रहित वेतन वृद्धियां रोक रखना :

(III) पदोन्नति रोक रखना :

(ख) बड़े दण्ड :

(I) लापरवाही या आदेश भंग के कारण बैंक को हुई आर्थिक हानि का पूरा अथवा अंशतः उसके वेतन से अथवा उसे देय अन्य रकम में से वसूली ;

(II) निचले प्रक्रम या पद में कमी अथवा समय–मान में निचले वेतनमान;

(III) अनिवार्य सेवानिवृत्ति ;

(IV) सेवा से बर्खास्तगी, जो भावी नियोजन हेतु अयोग्यता नहीं होगी ;

(V) पदच्युति।

स्पष्टीकरण

निम्नलिखित को उस विनियम के अर्थ में शास्ति की कोटि में नहीं माना जाएगा।

(I) किसी अधिकारी को उस पद पर नियुक्ति की शर्तों के अनुसार, जिस पर वह कार्यरत हो, निर्धारित विभागीय टेस्ट या परीक्षा पास न कर पाने के कारण एक या अधिक वेतनवृद्धियों को रोक पाना :

(II) दक्षतारोध पार करने में अयोग्य होने के आधार पर किसी अधिकारी के वेतन को समय–मान में दक्षतारोध पर रोका जाना ;

(III) किसी अधिकारी को उच्चतर ग्रेड अथवा पद जिसके लिए वह विचार करने के लिए पात्र हो सकता है, स्थानापन्न कार्यभार अथवा प्रोन्नति न देना, परन्तु उसके सम्बन्ध में विचार किए जाने के बाद जिसके लिए उसे अयोग्य पाया जाए;

(IV) पदोन्नति के लिए कतिपय अपेक्षा अथवा अनुशासनिक प्रक्रियाओं के विचाराधीनता के पूरा करने जैसे कारणों के लिए किसी अधिकारी की पदोन्नति को रोकना अथवा स्थगित करना;

(V) उच्चतर ग्रेड या पद पर स्थानापन्न रूप में कार्य कर रहे किसी अधिकारी का इस कारण से निचले ग्रेड या पद पर प्रत्यावर्तन कि परीक्षण के बाद, उसे उस उच्चतर ग्रेड या पद के अयोग्य समझा जाए या उन प्रशासनिक कारणों से जो उसके आचरण से असंबंधित हों ;

(VI) किसी अधिकारी का, जो किसी दूसरे ग्रेड या पद पर परिवीक्षाधीन के दौरान या अंत में उसकी नियुक्ति की शर्तों या ऐसी परिवीक्षावधि के नियामक नियमों या आदेशों के अनुसार उसके पिछले ग्रेड या पद पर प्रत्यावर्तन ;

(VII) कोई अधिकारी यदि प्रतिनियुक्ति पर आया हुआ है तो उसके मूल संगठन में प्रत्यावर्तन ;

(VIII) अधिकारी की सेवा की समाप्ति :

(क) किसी संविदा या करार के अन्तर्गत के अलावा अस्थाई रूप से नियुक्त किसी अधिकारी की उस अवधि के समाप्त हो जाने पर, जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया था या उसकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उससे पहले।

(ख) किसी संविदा या करार के अन्तर्गत नियुक्त किसी अधिकारी की, उस संविदा या करार की शर्तों के अनुसार; और

(ग) छंटनी के भाग के रूप में

परन्तु यदि इस विनियम के खण्ड 1 के उप खण्ड (I) से (III) में विनिर्दिष्ट किसी छोटे दण्ड को लगाने का प्रस्ताव है, सम्बन्धित अधिकारी को उसके विरूद्ध चूकों के ब्यौरे लिखित में सूचित किए जाएंगे और उसे 15 दिनों की विनिर्दिष्ट अनधिक अवधि अथवा ऐसी बढ़ी हुई अवधि जो सक्षम प्राधिकारी मंजूर करे, के अन्दर बचाव का लिखित बयान प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा और अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए बचाव बयान पर यदि कोई हो, को आदेश पारित करने से पहले सक्षम अधिकारी द्वारा विचार किया जाएगा।

परन्तु यह कि ऊपर विनिर्दिष्ट कोई बड़ा दण्ड लगाने का कोई आदेश उस सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ लिखित में दिया जाएगा और लिखित रूप से आरोप पत्र अधिकारी को दिए जाने के बाद ऐसा कोई आदेश पारित किया जाएगा और जाँच ऐसे की जाएगी जिससे कि उसके पास आरोप अथवा आरोपों का खण्डन करने और अपना बचाव करने के लिए पर्याप्त अवसर रहे।

परन्तु यह भी कि कोई जाँच कराने की आवश्यकता नहीं है यदि ;

(I) ऐसे मामलों में यदि कदाचार सिद्ध भी हो जाता है, बैंक निष्कासन अथवा बर्खास्तगी का दण्ड लगाने का इरादा नहीं रखता है ; और

(II) बैंक ने अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें उसे कदाचार और ऐसे कदाचार के लिए मिलने वाले दण्ड के बारे में कहा गया है। और

(iii) अधिकारी ने उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के अपने उत्तर में अपने दोष को स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया है।

2 कर्मचारी

(क) छोटे कदाचार के लिए दण्ड

(i) निन्दा करना ;

(ii) उसके विरूद्ध प्रतिकूल टिप्पणी रिकार्ड करना ;

(iii) 6 महीनों की अनधिक अवधि के लिए वेतन वृद्धि रोक रखना ;

(ख) बड़े कदाचार के लिए दण्ड

(i) जुर्माना

(ii) वेतनवृद्धि (वृद्धियों) को रोके रखना

(iii) विशेष भत्तों को वापस ले लेना

(iv) उस मामलों में यदि स्टाफ वेतनमान अधिकतम तक पहुँच गया है तो 2 वर्षों की अधिकतम अवधि तक अगले निम्न स्तर तक वेतन में कमी।

(v) सेवा से बर्खास्तगी परन्तु वह भविष्य के रोजगार के लिए अयोग्यता नहीं होगी।

(vi) बर्खास्तगी।

परन्तु यह कि उपर विनिर्दिष्ट कोई बडा दण्ड लगाने का कोई आदेश सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर के साथ लिखित में दिया जाएगा और ऐसा कोई आदेश लिखित आरोप पत्र अधिकारी को दिए जाने के बिना पारित नहीं किया जाएगा और जाँच ऐसे की जाएगी जिससे कि उसके पास आरोप अथवा आरोपों का खण्डन करने और अपना बचाव करने के लिए पर्याप्त अवसर रहे।

परन्तु यह भी कि कोई जाँच कराने की आवश्यकता नहीं है, यदि

(i) ऐसे मामलों में यदि कदाचार सिद्ध भी हो जाता है, बैंक निष्कासन अथवा बर्खास्तगी का दण्ड लगाने के इरादा नहीं रखता है ;

(ii) बैंक के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें उसे कदाचार और ऐसे कदाचार के लिए मिलने वाले दण्ड के बारे में कहा गया है; और

(iii) अधिकारी ने उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के अपने उत्तर में अपने दोष को स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया हो।

39. प्रक्रिया का अभित्याग

विनियम 38 की अपेक्षाओं को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हटाया जा सकता है।

(क) यदि ये तथ्य जिनके आधार पर अधिकारी अथवा कर्मचारी पर दण्ड लगाया जाना है, वह न्यायालय अथवा सेवा न्यायालय में सिद्ध हो गये हैं, अथवा

(ख) जहाँ अधिकारी अथवा कर्मचारी को आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया गया है; अथवा

(ग) जहाँ अधिकारी अथवा कर्मचारी फरार हो गया है; अथवा

(घ) जहाँ किसी अन्य कारण से उससे सम्पर्क करना अव्यवहारिक था; अथवा

(ङ) जहाँ विनियम 38 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना उचित रूप से व्यवहारिक नहीं था।

परन्तु यह कि विनियम 38 की अपेक्षा का अधित्याग नहीं किया जा सकता है जब तक कि ऐसा करने के कारणों को लिखित में और बोर्ड के संज्ञान नहीं रखा जाता है।

40. जाँच के लिए शक्ति का प्रत्यायोजन

विनियम 38 के अन्तर्गत जाँच और प्रक्रिया की शक्ति अंतिम आदेश को छोड़कर, सक्षम अधिकारी द्वारा किसी अधिकारी को, जो उस अधिकारी से वरिष्ठ है जिसके विरूद्ध प्रक्रियाऐं प्रारम्भ की गई है और कर्मचारी के मामले में किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित की जाती हैं।

परन्तु यह कि सक्षम अधिकारी, अपने विवेक से जाँच आयोजित करने हेतु अन्य संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों सहित, बैंक में कार्यरत किसी अधिकारी को नामित कर सकते हैं।

41. सामान्य जाँच

इन विनियमों में वर्णित किसी बात के होते हुए भी, यदि विभिन्न ग्रेड के दो अधिकारी अथवा एक अधिकारी और एक कर्मचारी किसी घटना में सम्मिलित रूप से अंतर्ग्रस्त हैं और दोनों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की जानी है और अध्यक्ष की राय है कि तथ्यों और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी दोनों के सम्बन्ध में, अध्यक्ष यह निर्देश दे सकता है कि अंतर्ग्रस्त अधिकारी और कर्मचारी दोनों के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी एक ही होगा और उन दोनों के विरूद्ध लगाए गए आरोपों पर सामान्य जाँच की जाएगी और विनियम 40 के अन्तर्गत जाँच करने की शक्ति और प्रक्रिया, अंतिम आदेश के अपवादस्वरूप, उसी जाँच अधिकारी के पक्ष में होगी।

42. भ्रष्ट प्रक्रियायें

इन विनियमों में वर्णित किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे जहाँ यह आरोप लगाया जाता है कि कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी भ्रष्ट प्रक्रियाओं का दोषी पाया गया है, अर्थात् :

(I) जहाँ यह आरोप लगाया जाता है कि कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी अनुपातहीन आस्तियां

रखता है अथवा उसने आपराधिक कदाचार किया है अथवा जहॉ आरोप की जॉच और प्रमाण में उन व्यक्तियों की गवाही की आवश्यकता होगी जो बैंक के अधिकारी अथवा कर्मचारी नहीं है, अथवा जहाँ, अध्यक्ष की राय में, आरोपों की जॉच बैंक द्वारा सुविधाजनक रूप से नहीं की जा सकती है, आरोपों की जॉच केन्द्रीय जाँच ब्यूरो अथवा केन्द्रीय सर्तकता आयोग अथवा अन्य ऐसा प्राधिकरण जिसका अध्यक्ष अनुमोदन करें, को सौंपी जा सकती है,

(II) यदि जाँच की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद, सक्षम प्राधिकारी संतुष्ट है कि अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने का प्रथम दृष्टया मामला बनाता है, वह केन्द्रीय सतर्कता आयोग अथवा ऐसा अन्य प्राधिकरण को जो अध्यक्ष द्वारा सम्बन्ध में समय-समय पर निर्णय लें, को राय लेने के लिए जाँच रिपोर्ट भेज सकता है कि क्या सम्बन्धित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जानी चाहिए।

(III) यदि केन्द्रीय सतर्कता आयोग अथवा ऐसा अन्य प्राधिकरण, जैसा कि मामला हो, की राय पर विचार करने के बाद, सक्षम प्राधिकारी की राय है कि सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक प्रक्रिया प्रारम्भ की जानी चाहिए, तब, इस विनियम के अन्तर्गत जॉच विभागीय जाँच आयुक्त अथवा इस प्रयोजन हेतु केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नामित किसी [illegible] को सौंपी जा सकती है।

(IV) जाँच अधिकारी अपनी रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा और यह रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी उसकी राय के लिए केन्द्रीय सर्तकता आयोग भेजेगा कि क्या आरोप अथवा आरोप (I) जैसा कि मामला हो, लगाने के लिए विचार किया जा सकता है और विनियम 38 के अन्तर्गत दण्ड अथवा दण्ड (1) लगाए जाएं। लगाए जाने वाले दण्ड अथवा दण्डों) पर केन्द्रीय सर्तकता आयोग की राय पर विचार करने के बाद सक्षम प्राधिकारी निर्णय लेगा।

स्पष्टीकरण :

कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी भ्रष्ट कार्यों का दोषी माना जाएगा यदि उसने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13, 14, 15 और 16 में परिभाषित आपराधिक कदाचार पर कार्य किया है अथवा उसने अनुचित प्रयोजन के लिए अथवा भ्रष्ट ढंग से कार्य किया है अथवा अनुचित अथवा भ्रष्ट [illegible] से अपनी शक्तियों का प्रयोग किया अथवा शक्तियों का प्रयोग नहीं किया है।

43. वकील के विनियोजन पर प्रतिबंध

जाँच के प्रयोजन हेतु, अधिकारी अथवा कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वकील की व्यवस्था नहीं करेगा।

44. सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनिक कार्यवाही

(i) कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी जो कदाचार के आरोप से निलंबनाधीन है जिसने अधिवर्षिता

की आयु प्राप्त कर ली है उसे अधिवर्षिता की आयु के पश्चात् भी अनुशासनिक कार्यवाही जारी रखने तथा समाप्त करने तक तथा उसके सम्बन्ध में अंतिम आदेशों के पारित होने तक विशिष्ट प्रयोजन हेतु सेवा में माना जाएगा। ऐसा निम्नलिखित अधिकारी अथवा कर्मचारी अधिवर्णिता की तारीख से परे अवधि के लिए किसी गुजारा भत्ते के लिए पात्र नहीं होगा।

(ii) अधिकारी अथवा कर्मचारी जिसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई है अधिवर्णिता की तारीख को सेवा में नहीं माना जाएगा परन्तु अनुशासनिक कार्यवाही चलती रहेगी जैसे की वह सेवा में था जब तक कि कार्यवाही समाप्त नहीं हो जाती है और उस पर अंतिम आदेश पारित नहीं हो जाता है। सम्बन्धित अधिकारी अथवा कर्मचारी अधिवर्षिता की तारीख के बाद वेतन और/अथवा भत्ते प्राप्त नहीं करेगा। कार्यवाही के पूरा होने और अंतिम आदेशों के पारित होने तक वह सेवानिवृत्त लाभ के भुगतान के लिए भी हकदार नहीं होगा सिवाय अपने स्वयं के सी पी एफ अंशदान के।

स्पष्टीकरण :

विशेषाधिकार छुट्टी और उपदान के नकदीकरण जैसे सामान्य सेवानिवृत्त लाभ, अनुशासनिक कार्यवाहियों के पूरा होने और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम आदेश के पारित होने तक रोक दिए जाने चाहिए। लाभों का जारी करना उक्त प्राधिकारी के अंतिम आदेश के अनुसार होगा।

45. निलंबन

किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निलंबित किया जा सकता है। ऐसे निलंबन के दौरान, अधिकारी अथवा कर्मचारी नीचे दिए गए अनुसार गुजारा भत्ते का हकदार होगा :

1. अधिकारी के मामले में –

(क) मूल वेतन

(I) निलंबन से पहले तीन महीने उस मूल वेतन का 1/3 जो अधिकारी निलंबन की तारीख से पहले ले रहा था चाहे जाँच किसी भी प्रकार की हो।

(II) बाद की अवधि के लिए :–

(क) यदि जाँच बैंक द्वारा विभागीय रूप से की जाती है तो उस मूल वेतन का 1/2 जो वह अधिकारी निलंबन की तारीख से पहले ले रहा था।

(ख) यदि जाँच किसी बाहरी एजेन्सी द्वारा की जाती तो अगले तीन महीने के लिए मूल वेतन का 1/3 और निलंबन की शेष अवधि का 1/2

(ख) भत्ते

निलंबन की संपूर्ण अवधि के लिए विशेष भत्ते को छोड़कर महंगाई भत्ता तथा अन्य

भत्तों का हिसाब घटे हुए वेतन पर जैसा कि खण्ड (क) के उपखण्ड (i) और (ii) में विनिर्दिष्ट है और चालू दरों पर अथवा इसी वर्ग के अधिकारियों पर लागू दरों पर लगाया जाएगा।

2. कर्मचारी के मामले में

(क) मूल वेतन

(i) निलंबन से पहले तीन महीने उस मूल वेतन का 1/3 जो कर्मचारी निलंबन की तारीख से पहले ले रहा था चाहे जाँच किसी भी प्रकार की हो।

(ii) बाद की अवधि के लिए

(क) यदि जाँच बैंक द्वारा विभागीय रूप से की जाती है तो उस मूल वेतन का 1/2 जो वह कर्मचारी निलंबन की तारीख से पहले ले रहा था।

(ख) एक वर्ष के पश्चात् पूर्ण वेतन यदि विभागीय जाँच, सम्बन्धित कर्मचारी अथवा उसके किसी प्रतिनिधियों के कारण देरी नहीं हुई।

(ग) जहाँ जाँच बाहरी एजेंसी द्वारा की जाती है और उक्त एजेन्सी इस निष्कर्ष पर पहुँची है कि कर्मचारी पर मुकदमा न चलाया जाए, ऐसी एजेंसी की रिपोर्ट की प्राप्ति की तारीख से छः महीनों अथवा निलंबन के बाद एक वर्ष के बाद जो भी बाद में हो, और उस हालत में, जब जाँच में देरी कर्मचारी अथवा कर्मचारी के किसी प्रतिनिधि के कारण नहीं हुई, पूर्ण वेतन देय होगा।

(ख) भत्ते

निलंबन की सम्पूर्ण अवधि के लिए विशेष भत्तों को छोड़कर, मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्तों का हिसाब, घटे हुए वेतन पर जैसा कि खण्ड (क) के उपखण्ड (i) और (ii) (क) में विनिर्दिष्ट है चालू दरों पर अथवा इसी वर्ग के कर्मचारियों पर लागू दरों पर लगाया जाएगा।

परन्तु यह कि कोई अधिकारी या कर्मचारी तब तक गुजारा भत्ते का भुगतान प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा जब तक कि वह इस आशय का घोषणा–पत्र नहीं उपलब्ध करा देता है कि वह किसी अन्य रोजगार, कारोबार या व्यवसाय में नहीं लगा है।

परन्तु यह और कि यदि निलम्बन की अवधि के दौरान कोई कर्मचारी अपनी अधिवर्षिता की आयु पूरी करने के कारण सेवानिवृत्त हो गया तो उसकी सेवानिवृत्त की तारीख से उसे कोई गुजारा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

निलम्बन की अवधि और सम्बद्ध मामलों का निरूपण

सक्षम प्राधिकारी, दंड लगाते समय इस आशय का निर्देश भी दे सकता है कि अधिकारी या कर्मचारी को गुजारा भत्ते और उस अवधि, जिसमें वह निलंबित था, के लिए परिलब्धियों, जो उसने ऐसे निलम्बन के लिए प्राप्त किया होगा, के बीच के अंतर का भुगतान किया जायगा या नहीं और कि यदि सक्षम प्राधिकारी अन्यथा निर्णय लेता है तो ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया जाएगा जिसके प्रभाव से अधिकारी या कर्मचारी को ऐसे गुजारा भत्ते को वापस करने के लिए बाध्य होना पडेगा। उस अवधि जिसके दौरान कोई अधिकारी या कर्मचारी निलबनाधीन है, को जैसा सक्षम प्राधिकारी निर्देश दे, ड्यूटी पर बिताई गई अवधि या अन्यथा के रूप मे माना जाएगा यदि उसे सेवाओं से बर्खास्त न कर दिया गया हो।

47. अपील करने का अधिकार

(I) किसी अधिकारी या कर्मचारी को उन विनियमों के अन्तर्गत जारी किसी आदेश के विरूद्ध अपील करने का अधिकार होगा जो उसके हितों को हानिकारक ढंग से प्रभावित करते हैं।

(II) जिस आदेश के विरूद्ध अपील की जानी हो उसके प्राप्त होने की तारीख से 45 दिन के भीतर विनियम 48 में वर्णित अपीलीय प्राधिकारी के पास अपील प्रस्तुत की जाएगी। अपीलीय प्राधिकारी अपील पर विचार करेगा ओर अधिमान्यत: 6 महीने की अवधि के भीतर उपर्युक्त आदेश जारी करेगा।

48. अपीलीय प्राधिकारी

अपील :

(I) बोर्ड के पास की जाएगी जहाँ अध्यक्ष या निदेशकों की समिति सक्षम प्राधिकारी है।

(II) अध्यक्ष के पास की जाएगी जहाँ कोई अन्य अधिकारी सक्षम प्राधिकारी है।

49. अपील की अपेक्षा

प्रत्येक अपील के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं का पालन किया जाएगा :

(क) यह लिखित रूप में होगी और नम्र एवं आदरपूर्ण भाषा में व्यक्त की जाएगी और अनावश्यक विस्तार या अतिशय शब्दाडंबर से मुक्त होगी।

(ख) इसमें सभी महत्त्वपूर्ण विवरण और बहस राहत होंगी तथा स्वयं में पूर्ण होंगी।

(ग) इसमें अपेक्षित राहत विनिर्दिष्ट होंगी।

(घ) यह व्यक्तिगत रूप से निदेशको को सम्बोधित नहीं की जाएगी।

अध्याय - 5

वेतन और भत्ते

50. कब प्रोद्भुत और देय होगा

इन विनियमों के प्रावधानों के अध्ययीन वेतन और भत्ते किसी अधिकारी या कर्मचारी की सेवा के शुरूआत से प्रोद्भूत होंगे और प्रत्येक महीने के अंतिम कार्य दिवस को उक्त महीने के दौरान दी गई सेवा के लिए देय होंगे।

51. समाप्ति का समय

(I) जैसे ही किसी अधिकारी या कर्मचारी की सेवा समाप्त होती है वेतन और भत्ते का प्रोद्भूत होना समाप्त हो जाएगा।

(II) बैंक की सेवा से किसी अधिकारी या कर्मचारी के बर्खास्त कर दिए जाने की स्थिति में बर्खास्तगी की तारीख से वेतन और भत्ते समाप्त हो जाएंगे।

(III) वैसे अधिकारी या कर्मचारी के मामले में जिसकी सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाती है, वेतन और भत्ते मृत्यु के अगले दिन से समाप्त हो जाएंगे।

52. वेतन–वृद्धि

किसी वेतनमान में उस वेतनमान के प्रत्येक चरण में सेवा की प्रत्येक विनिर्दिष्ट अवधि के पूरा होने पर वेतनवृद्धि प्रोद्भूत होंगी।

परन्तु यह कि अधिकारी या कर्मचारी इसके प्रोद्भूत होने की वास्तविक तारीख के स्थान पर उस महीने की पहली तारीख को वेतनवृद्धि आहरित करेगा जिस महीने में यह देय हैं।

अध्याय - 6

छुट्टी और कार्य ग्रहण का समय

53. छुट्टी के प्रकार

इन विनियमों के प्रावधानों के अध्यधीन अधिकारी या कर्मचारी निम्नलिखित प्रकार की छुट्टी के लिए पात्र होगा :–

(क) आकस्मिक छुट्टी

(ख) विशेषाधिकार छुट्टी

(ग) बीमार छुट्टी

(घ) असाधारण छुट्टी

(ङ) विशेष आकस्मिक छुट्टी और विशेष छुट्टी

(च) प्रसूति छुट्टी

54. छुट्टी मंजूर करने की शक्ति प्राप्त प्राधिकारी

छुट्टी देने की शक्तियां सक्षम प्राधिकारी को होंगी।

55. छुट्टी देने से मना करने तथा छुट्टी पर गए अधिकारी या कर्मचारी को वापस बुलाने की शक्ति

(I) छुट्टी का अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। जब सेवा की अनिवार्यता होगी तो किसी भी प्रकार की छुट्टी से मना करने या उसे रद्द करने का विवेकाधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित है।

(II) बैंक द्वारा उचित समझे जाने पर छुट्टी गए अधिकारी या कर्मचारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्य पर वापस बुलाया जा सकता है।

परन्तु यह कि यदि उस समय अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय से बाहर है तो वह अपने और अपने परिवार के सदस्यों द्वारा मुख्यालय लौटने के लिए किए गए वास्तविक खर्च को पाने का पात्र होगा।

56. छुट्टी से वापस आने पर रिपोर्ट करने का स्थान

छुट्टी पर गया अधिकारी या कर्मचारी, जब तक कि इसके विपरित अन्यथा कोई अनुदेशन जारी किया गया हो, उसी स्थान पर ड्यूटी पर वापस आएगा जहाँ वह छुट्टी पर जाने से पूर्व तैनात था।

57. निलंबनाधीन अधिकारी या कर्मचारी के लिए छुट्टी स्वीकार्य नहीं

निलंबनाधीन अधिकारी या कर्मचारी को कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी।

58. आकस्मिक छुट्टी

(1) अधिकारी या कर्मचारी एक कैलेण्डर वर्ष में पूरी परिलब्धियों पर 12 कार्य दिवस की आकस्मिक छुट्टी ले सकता है।

परन्तु यह कि एक बार में चार दिन से अधिक की आकस्मिक छुट्टी नहीं ली जा सकती है; और

परन्तु यह और कि ऐसी छुट्टी के साथ अवकाश वाले दिनों और रविवारों को इस ढंग से नहीं जोड़ा जाएगा कि एक बार में अनुपस्थिति बढ़कर छः दिन से अधिक हो जाए।

(2) किसी अधिकारी या कर्मचारी को उसकी सेवा के प्रथम कैलेण्डर वर्ष के दौरान आकस्मिक अवकाश पूरे हुए प्रत्येक महीने या उसके भाग के लिए एक दिन की दर से समानुपातिक आधार पर स्वीकार्य होंगे।

(3) (क) अधिकारी के मामले में किसी कैलेण्डर वर्ष में उसके द्वारा नहीं ली गई आकस्मिक छुट्टी अगले वर्ष में बीमारी छुट्टी में आगे या पीछे जोड़ दी जाएगी।

(ख) कर्मचारी के मामले में किसी कैलेण्डर वर्ष में उसके द्वारा नहीं ली गई आकस्मिक छुट्टी को पर्याप्त वेतन पर बीमारी छुट्टी में परिवर्तित किया जा सकता है। यह बीमारी छुट्टी विनियम 60 में निर्धारित पात्र बीमारी छुट्टी सीमाओं के अतिरिक्त होंगी।

(4) आकस्मिक छुट्टी उपर्युक्त उप–विनियम (3) (क) में यथा निर्धारित छुट्टी विनियम–62 के अन्तर्गत विशेष आकस्मिक छुट्टी और विनियम 63 के अन्तर्गत प्रसूति छुट्टी के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ नहीं दी जा सकती है।

59. विशेषाधिकार छुट्टी

(क) स्केल जिस पर विशेषाधिकार छुट्टी अर्जित की जाती है।

(1) अधिकारी या कर्मचारी ड्यूटी पर सेवा के 11 दिन के लिए एक दिन के हिसाब से विशेषाधिकार छुट्टी का पात्र होगा।

परन्तु यह कि सेवा के प्रारम्भ में ड्यूटी पर सेवा के ग्यारह महीने पूरे होने से पूर्व कोई विशेषाधिकार छुट्टी नहीं ली जा सकेगी।

(2) अधिकारी या कर्मचारी किसी भी समय अपने द्वारा अर्जित विशेषाधिकार छुट्टी में से ली गई छुट्टी को घटाकर शेष बची विशेषाधिकार छुट्टी का पात्र होगा।

(3) विशेषाधिकार छुट्टी पर चलने वाला अधिकारी छुट्टी की अवधि के लिए पूरी परिलब्धियां पाने का हकदार होगा।

(4) 31 दिसम्बर, 1989 तक कुल 180 दिनों तक की अवधि के लिए विशेषाधिकार छुट्टी और 1 जनवरी, 1990 से 240 दिन से अनधिक तक की विशेषाधिकार छुट्टी संचित की जा सकती है।

(ख) कब आवेदन दिया जाना चाहिए

(I) अधिकारी या कर्मचारी द्वारा विशेषाधिकार छुट्टी के लिए आवेदन उस तारीख से एक माह पूर्व दिया जाएगा जिस तारीख से छुट्टी आपेक्षित है।

(II) उन आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार किया जा सकता है जो उप–विनियम (ख) (I) की उपर्युक्त अपेक्षा को पूरा नहीं करते हैं।

परन्तु यह कि यदि सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि ऐसा नोटिस संभव नहीं था तो वह अपने विवेक से इस अपेक्षा को समाप्त कर सकता है।

60. बीमारी छुट्टी

(1) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी के बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी अग्रिम में मेडिकल छुट्टी दस दिन की दो किस्तों, प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष की जनवरी और जुलाई के प्रथम दिन में जमा डाली जाएगी।

(2) (क) इस छुट्टी को सेवा के प्रत्येक पूरे माह के लिए 5/3 दिन की दर से उक्त छुट्टी खाते में जमा डाला जाएगा जिसे वह उस कैलेण्डर वर्ष की बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी में देगा जिसमें वह नियुक्त किया गया है।

(ख) बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी, जिसमें अधिकारी या कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाला है या सेवा से त्याग पत्र देने वाला है, के लिए सेवानिवृत्त और त्यागपत्र की तारीख तक प्रत्येक पूर्ण कैलेण्डर माह के लिए 5/3 दिन की दर से जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

(ग) जब किसी अधिकारी या कर्मचारी को सेवा से हटाया या बर्खास्त किया जाता है या सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है तब उस कैलेण्डर माह जिसमें उसे सेवा से हटाया या बर्खास्त किया गया है या उसकी मृत्यु हो गई है, के पहले वाले कैलेण्डर माह के अंत तक प्रत्येक पूर्ण कैलेण्डर माह में 5/3 दिन की दर से बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी को जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

(घ) जहाँ अधिकारी या कर्मचारी की अनुपस्थिति या निलंबन की अवधि को बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी में "छूट–दिवस" के रूप मे माना गया है, अगली बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी के शुरू होने पर जमा की जाने वाली उसकी बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी को अधिकतम 10 दिन के अध्यधीन "छूट- दिवस" अवधि के एक के अठारहवे भाग से घटा दिया जाएगा।

परन्तु यह कि बीमारी छुट्टी/मेडिकल छुट्टी निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन उसकी समस्त सेवा के दौरान संचित की जा सकती है।

(I) अधिकारी या कर्मचारी बीमारी/मेडिकल छुट्टी की अवधि के दौरान एक महीने की पूरी परिलब्धिया प्राप्त करने का पात्र होगा।

परन्तु यदि अधिकारी या कर्मचारी चाहे तो बैंक उसे मंजूर की गई बीमारी/मेडिकल छुट्टी की अवधि के दौरान एक महीने की पूरी परिलब्धिया प्राप्त करने की अनुमति इस शर्त पर दे सकता है कि उसकी बीमारी मेडिकल छुट्टी खाते मे से दुगनी अवधि की छुट्टियां घटा दी जाएगी।

(II) प्रथम वर्ष के दौरान बीमारी/मेडिकल छुट्टी समानुपातिक आधार पर मंजूर की जाए

(III) बैंक को स्वीकार्य किसी चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करके ही बीमारी/मेडिकल छुट्टी ली जा सकती है।

(IV) बीमारी/मेडिकल छुट्टी की समाप्ति पर फिर से ड्यूटी पर आने के इच्छुक अधिकारी या कर्मचारी से बैंक इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है कि अब वह ड्यूटी पर आने योग्य है।

स्पष्टीकरण :

1. नियुक्ति की तारीख तक अधिकारी या कर्मचारी सेवा मे प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 20 दिन का बीमारी/मेडिकल छुट्टी का पात्र होगा। ऐसी छुट्टी 180 दिन तक संचित की जाती है।
2. नियुक्ति की तारीख से अधिकारी या कर्मचारी सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए 20 दिन की बीमारी/मेडिकल छुट्टी का पात्र होगा।

61. असाधारण छुट्टी

(1) अधिकारी या कर्मचारी को असाधारण छुट्टी उसी अवस्था में दी जाएगा जब उसके पास कोई साधारण छुट्टी शेष न हो और तब जब उसकी सेवा अवधि को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा बीमारी छुट्टी को न्यायोचित नहीं माना जाता है। अधिकारी या कर्मचारी की मंजूर की जाने वाली असाधारण छुट्टी की अवधि किसी भी समय 90 दिन या उसकी सेवा की समस्त अवधि के दौरान 360 दिन से अधिक नहीं होगी।

परन्तु यह कि आपवादिक परिस्थितियो में अध्यक्ष बोर्ड के अनुमोदन से किसी अधिकारी या कर्मचारी को कुल 720 दिन की अवधि तक असाधारण छुट्टी मंजूर कर सकता है।

परन्तु यह और कि अधिकारी या कर्मचारी की पुरानी बीमारी के मामले में बोर्ड के अनुमोदन से अध्यक्ष उसे 720 दिन के बाद असाधारण छुट्टी मंजूर कर सकता है और बोर्ड, ऐसा अनुमोदन करते समय, लिखित रूप में उसके लिए विशेष कारण दर्ज करेगा।

(2) सक्षम प्राधिकारी इन विनियमों में अन्यथा दिए गए अनुसार ही अधिकारी या कर्मचारी को स्वीकार्य किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ या उसके आगे असाधारण छुट्टी मंजूर कर सकता है।

(3) असाधारण छुट्टी की अवधि के दौरान वेतन एवं भत्ते देय नहीं होंगे और इस प्रकार की छुट्टी की अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जाएगी बशर्ते कि जहाँ सक्षम अधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि असाधारण छुट्टी की मंजूरी बीमारी या किसी अन्य ऐसे कारण से आवश्यक हुई जो कि अधिकारी या कर्मचारी के नियंत्रण से बाहर थी, यह निर्देश दे सकता है कि असाधारण छुट्टी की अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए की जाए।

62. विशेष आकस्मिक छुट्टी तथा विशेष छुट्टी

किसी अधिकारी या कर्मचारी को खेलकूद, रक्तदान, परिवार नियोजन, जाँच में किसी अधिकारी या कर्मचारी के बचाव या सिविल डिफेन्स ज्वाईन करने या किसी अन्य उद्देश्य के लिए जैसा कि केन्द्रीय सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जाए, विशेष आकस्मिक छुट्टी तथा विशेष छुट्टी की मंजूरी दी जा सकती है।

63. प्रसूति छुट्टी

(I) प्रसूति छुट्टी के रूप में एक बार में तीन महीने तक की अवधि की छुट्टी मंजूर की जा सकती है जिसके अन्तर्गत प्रसूति के बाद की अवधि या गर्भस्त्राव अथवा गर्भपात के समय की छुट्टी भी शामिल है। किन्तु ऐसी छुट्टी महिला अधिकारी या कर्मचारी की संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान 12 महीनों से अधिक नहीं होगी।

(II) प्रसूति छुट्टी को किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़ा जा सकता है किन्तु प्रसूति छुट्टी के साथ आवेदित किसी अन्य प्रकार की छुट्टी को तभी मंजूरी प्रदान की जाएगी जबकि वैसे अनुरोध के साथ बैंक को स्वीकार्य चिकित्सक का प्रमाणपत्र संलग्न किया गया हो।

64. छुट्टी का व्यपगत होना

अधिकारी या कर्मचारी की मृत्यु पर या उसके बैंक की सेवा में न रहने पर उसकी सभी छुट्टियां व्यपगत हो जाएंगी। परन्तु यह कि यदि अधिकारी या कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होती है तो उसके कानूनी प्रतिनिधियों को ऐसी राशियां देय होंगी जो उस अधिकारी या कर्मचारी को उसकी मृत्यु

के समय विनियम 59 के उप विनियम (क) (4) के अध्यधीन संचित विशेषाधिकार छुट्टी लेने की स्थिति में देय होती।

परन्तु आगे यह कि जब कोई कर्मचारी बैंक की सेवा से सेवानिवृत्त होता है तो उसे उसके खाते की विशेषाधिकार छुट्टी की अवधि के बराबर परिलब्धियां भुगतान करने की पात्रता, विनियम 59 के उपविनियम (क) (4) के अध्यधीन होंगी।

परन्तु यह भी कि ऐसे कर्मचारी के सम्बन्ध में जहाँ कि छंटनी के फलस्वरूप उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई है, उसे उसके खाते की विशेषाधिकार छुट्टी की अवधि के लिए वेतन और भत्ते देय होंगे।

65. बैंक को छुट्टी की अवधि के दौरान का पता देना

जिस अधिकारी या कर्मचारी की छुट्टी मंजूर कर दी गई है और जो अपनी तैनाती के स्थान से बाहर जा रहा है वह बैंक को अपने उस पते की सूचना देगा जिस पते पर मुख्यालय से बाहर रहने के दौरान उससे सम्पर्क किया जा सके।

66. छुट्टी का प्रारम्भ और समाप्त होना

(I) अधिकारी या कर्मचारी जिस दिन अपना कार्यभार सौंपेगा उसके ठीक बाद के पहले कार्यदिवस से उसकी छुट्टी आरम्भ होगी।

(II) अधिकारी या कर्मचारी जिस दिन वापस ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करेगा उसके पहले का कार्य दिवस उसकी छुट्टी का अंतिम दिन होगा।

67. कार्यग्रहण अवधि

(1) अधिकारी या कर्मचारी एक बार कार्य ग्रहण अवधि के लिए पात्र होगा ताकि वह .

(क) ड्यूटी के दौरान अपने पुराने पद से नियुक्ति के लिए नए पद पर कार्यग्रहण कर सके या

(ख) छुट्टी से लौटकर नए पद पर कार्यग्रहण कर सके।

(2) कार्यग्रहण समय की अवधि निम्नप्रकार की होगी :

(क) अधिकारी के सम्बन्ध में यात्रा के दिवसों की संख्या को छोड़कर सात दिनों से अधिक की अवधि, और

(ख) कर्मचारी के सम्बन्ध में यात्रा के दियसों को छोड़कर छः दिनों से अधिक की अवधि।

(3) कार्यग्रहण समय की अवधि के दौरान अधिकारी या कर्मचारी नए या पुराने स्थान पर तैनाती के अनुसार, जो भी कम हो, परिलब्धियां लेने का पात्र होगा

(4) अधिकारी या कर्मचारी को अनुमत कार्यग्रहण अवधि की गणना करते समय उसके पुराने पद से कार्यमुक्ति के दिन को छोड दिया जाएगा।

परन्तु यह कि कार्यमुक्ति बाद के सार्वजनिक अवकाशों की गणना उनके कार्यग्रहण समय में नहीं की जाएगी।

(5) यदि स्थानांतरण में किसी भिन्न स्थान पर तैनाती अन्तर्निहित न हो तो अधिकारी या कर्मचारी को कार्यग्रहण अवधि नहीं दी जाएगी।

(6) यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को अस्थायी रूप से कहीं और तैनात किया जाता है तो चाहे उसकी तैनाती उसकी स्थाई तैनाती से भिन्न किसी स्थान या स्टेशन पर क्यों न की गई हो उसे कोई कार्यग्रहण अवधि नहीं दी जाएगी।

(7) किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उसके अनुरोध से स्थानांतरण होने पर कोई कार्यग्रहण समय नहीं दिया जायेगा।

अध्याय - 7

विविध

68. भविष्य निधि तथा पेंशन

(1) कोई अधिकारी या कर्मचारी जिसने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) में विनिर्दिष्ट रूप के अनुसार निम्नतम अनवरत सेवा पूरी कर ली है, कर्मधारी भविष्य निधि का सदस्य होगा। अधिकारी या कर्मचारी और बैंक द्वारा भविष्य निधि में किया जाने वाला अंशदान उपर्युक्त अधिनियम के उपबंधों के अनुसार होगा।

(2) (क) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के उपबंधों के अन्तर्गत आने वाले अधिकारी या कर्मचारी, उक्त अधिनियम की धारा "6 ए" द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा तैयार की गई कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के उपबंधों द्वारा शासित होंगे।

(ख) इस प्रकार तैयार की गई पेंशन योजना 16 नवम्बर 1995 से प्रभावी होगी।

69. उपदान

1. अधिकारी या कर्मचारी निम्नलिखित उप विनयमन 2 के अनुसार उपदान के भुगतान का पात्र होगा।

2. किसी अधिकारी या कर्मचारी को देय उपदान की राशि या तो ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के उपबधो या निम्नलिखित उप-विनियम (3) के अनुसार जो भी अधिक हो, देय होगी।

3 (1) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी निम्नलिखित स्थितियों के उपदान के लिए पात्र होगा

(क) सेवानिवृत्ति पर

(ख) मृत्यु पर

(ग) ऐसी नि:शक्तता पर जिसके कारण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी के प्रमाणपत्र के अनुसार वह आगे सेवा के लिए अक्षम है, या,

(घ) दस वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने के बाद त्याग पत्र देने पर या

(ड) दस वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद, दण्डस्वरूप सेवा समाप्ति को छोड़कर, अन्य किसी कारण से सेवा समाप्ति पर।

परन्तु यह कि कदाचार के कारण हटाए गए कर्मचारी के सम्बन्ध में उपदान की राशि को जब्त नही किया जाएगा सिवाए ऐसे मामलों में केवल उस सीमा तक जहाँ कि ऐसे कदाचार के कारण बैक को वित्तीय हानि हुई हो।

(2) अधिकारी या कर्मचारी को देय उपदान की राशि, प्रत्येक पूर्ण वर्ष की सेवा अथवा 6 महीने से अधिक के भाग के लिए एक महीने का वेतन देय होगी, जो अधिकतम 15 महीने के वेतन के अध्यधीन होगी।

परन्तु यह कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी ने 30 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी कर ली है तो वह उपदान के रूप में 30 वर्ष से अधिक सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए आधे माह के वेतन की दर से अतिरिक्त राशि का पात्र होगा।

परन्तु यह कि किसी अधिकारी के सम्बन्ध मे देय उपदान उसके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन पर आधारित होगा।

परन्तु यह भी कि किसी कर्मचारी के सम्बन्ध में उपदान की गणना किए जाने के उद्देश्य के लिए मृत्यु, अशक्तता, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या सेवा समाप्ति, जैसा भी मामला हो, से पहले 12 महीनों के दौरान देय, मूल वेतन (100:), महंगाई भत्ते तथा विशेष भत्ते और स्थानापन्न भत्तों का औसत होगा।

70. निवास स्थान

(1) प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी अपनी नियुक्ति के समय अनुसूची III में दिए गए फार्म बी में लिखित रूप से बैंक को अपने निवास स्थान की घोषणा करेगा और यदि ऐसा निवास स्थान उसका जन्म स्थान नही है तो उसे नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि तक सिद्ध करना चाहिए।

(2) कोई अधिकारी या कर्मचारी जो एक बार अपना निवास स्थान दर्शा चुका है उसे उसको बदलने की तब तक अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि यह बैंक को इस तथ्य के लिए संतुष्ट नहीं करता कि यह परिवर्तन वास्तविक है और किसी भी मामले में अधिकारी या कर्मचारी को अपने निवास स्थान में इस प्रकार से परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिससे कि ऐसी किसी रियायत के लिए बैंक की लागत में वृद्धि हो।

71. स्थानांतरणीयता

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी को बैंक के किसी भी कार्यालय या शाखा में स्थानांतरित किया जा सकता है।

72. विनियमों का कार्यान्वयन और व्याख्या

(1) अध्यक्ष समय समय पर ऐसे अनुदेश या निर्देश जारी कर सकते हैं जो उनकी राय में इन विनियमों के उपबंधों को लागू करने या इन्हें क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक हो।

(2) भारत सरकार, जब कभी भी आवश्यकता समझे, रिज़र्व बैंक से परामर्श करने के बाद इन विनियमों की व्याख्या कर सकती है।

73. निरसन और व्यावृत्तियां

(1) विनियमावली के किसी या विनियम समरूप प्रत्येक नियम, विनियम, उपनियम या किसी करार अथवा संकलन का कोई उपबंध जो उस विनियमावली के आरम्भ होने के फौरन पहले प्रचलन में हो और उन अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू हो, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

(2) इस निरसन के बावजूद उन निरस्त उपबंधों के अंतर्गत दिए गए आदेश या की गई कार्यवाही इस विनियमावली के समरूपी उपबंधों के अन्तर्गत दिया गया या की गई मानी जाएगी।

गंगा-यमुना ग्रामीण बैंक

अध्यक्ष

(AWTAR KRISHAN)

अनुसूची ।

(विनियम १८ देखें)

निष्ठा एवं गोपनीयता की घोषणा :–

स्थान :

दिनांक :

मैं..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं .... के अधिकारी या कर्मचारी के रूप में अपने से अपेक्षित कार्यों और उन कार्यों, जो बैंक में मेरे द्वारा धारित पद से उचित रूप से सम्बन्धित है, को निष्ठापूर्वक, ईमानदारी और अपने सर्वोत्तम कौशल और योग्यता से निष्पादित करूंगा/करूंगी।

मै यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मैं बैंक के कार्यों या किसी ऐसे व्यक्ति के कार्यों, जिसका बैंक से व्यवहार है, से सम्बन्धित कोई भी सूचना किसी ऐसे व्यक्ति को संसूचित नहीं करूंगा/करूंगी या संसूचित करने की अनुमति नहीं दूंगा/दूंगी, जो वैद्य रूप से इसका हकदार नहीं है और न ही मैं किसी ऐसे व्यक्ति को बैंक के कारोबार या किसी ऐसे व्यक्ति जिसका बैंक से व्यवहार है, से सम्बन्धित बैंक की पुस्तकों या कागजात या बैंक के स्वामित्व वाली पुस्तकों या कागजात या इलैक्ट्रोनिक रिकार्ड का निरीक्षण करने या उन तक पहुँचने की अनुमति दूगा/दूंगी।

हस्ताक्षर

मेरे समक्ष हस्ताक्षर किया

पूरा नाम –

दिनांक :

पदनाम –

सावधानी (भारत सरकार के नियमों के अनुरूप किया जाए)

अनुसूची II

(विनियम 5 (4) देखें)

प्रत्येक अधिकारी या कर्मचारी से प्रथम नियुक्ति के समय प्राप्त किया जाने वाला घोषणा पत्र ।

मैं श्री / श्रीमती / कु..... पुत्र/पत्नी/पुत्री ..... निम्नलिखित घोषणा करता / करती हूँ।

(I) **यह कि** मैं अविवाहित/विधुर/विधवा हूँ।

(II) **यह कि** मैं विवाहित हूँ और केवल एक पत्नी/पति जीवित है।

(III) **यह कि** मैंने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसका पति/पत्नी जीवित है।

छूट की अनुमति का आवेदन संलग्न है।

(IV) रूंपातरित किया जाए

2. **मैं** सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता/करती हूँ कि उपर्युक्त घोषणा सत्य है और मेरी नियुक्ति के पश्चात् **इस घोषणा के** असत्य पाए जाने पर मैं सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए उत्तरदायी हूँगा/हूँगी।

दिनांक हस्ताक्षर

अनुसूची – III

फार्म ख

निवास स्थान की घोषणा

(विनियम 70 देखें)

स्थान :
दिनांक :

मैं, अधोहस्ताक्षरी, ... बैंक की सेवा में नियुक्ति के बाद एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि .... (स्थान) ..... (जिला) मेरा निवास स्थान है।

• उपर्युक्त स्थान मेरी जन्मभूमि है।

या

• उपर्युक्त स्थान मेरी जन्मभूमि नहीं है। मेरी जन्मभूमि..... (स्थान)..... (जिला) है परन्तु ..... (स्थान) को निम्नलिखित कारणों से अपना निवास स्थान घोषित किया गया है।

.....

.....

पूरा नाम
पदनाम और नियुक्ति की प्रकृति

नियुक्ति की तारीख
हस्ताक्षर

जो लागू न हो उसे काट दें।

भारतीय भेषजी परिषद्

(भेषजी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत स्थापित)

फाईल संख्या : 17-1/2001 - पी.सी.आई./-7787-7905 दिनांक: - 2 AUG 2001

भारतीय भेषजी परिषद् के 67 वें अधिवेशन अगस्त, 2000 तथा 68 वें अधिवेशन मई 2001 में पारित संकल्पों को भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 15 में विहित प्रावधानों के तहत राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है ।

प्रस्ताव संख्या 67/पी.सी.आई./1281

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी को अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
आन्ध्र प्रदेश		
एस. वी. सी. एम. पॉलीटैकनिक बड़वैल - 516 227 कुडप्पा	1 (श्री वाई. सिवा प्रसाद) के लिए	1996-97 के लिए

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद्,सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं राज्य समिति, बी आर.के.आर. बिल्डिंग,सातवां तल, पास टैंक बंद रोड़,हैदराबाद-500 063 (आन्ध्र प्रदेश) द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1282

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
असम		
इस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी गुवाहाटी मैडिकल कॉलेज गुवाहाटी - 32	60	1998-99 से 2001-2002 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद निदेशक,तकनीकी शिक्षा,काहिलीपारा,गुवाहाटी-781 019,असम,द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1283

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
असम		
इस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी असम मैडिकल कॉलेज दिबरूगढ़ - 786 002	100	1998-99 से 2001-2002 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद परीक्षा नियंत्रक,दिबरूगढ़ विश्वविद्यालय,दिबरूगढ़-786 004,असम,द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1284

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
कर्नाटक		
जी. एम. कॉलेज ऑफ फार्मेसी विडिया नगर, टाउन शिप नीलामंगला बाई-पास बंगलौर - 562 123	60	1999-2000 से 2001-2002 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद्, अध्यक्ष, परीक्षा प्राधिकरण समिति, मार्फत औषधि नियंत्रण कार्यालय कर्नाटक राज्य, पैलेस रोड,पोस्ट बॉक्स संख्या 5377,बंगलौर-560 001,कर्नाटक, द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1285

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
मिजोरम		
रिजनल पैरा मैडिकल एण्ड नर्सिंग ट्रैनिंग इन्स्टीट्यूट चॉदमारी, एजावल	30	1997-98 से 2001-2002 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद्,निदेशक,मिजोरम राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद्,एजावल - 796 001,मिजोरम, द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1286

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिप्लोमा फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिप्लोमा फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
पांडिचेरी		
मदर टरेसा इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ साईंसिज (ए गवर्नमैंट ऑफ पांडिचेरी इंस्टीट्यूट) पांडिचेरी - 605 001	20	1998-99 से 2001-2002 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद्,परीक्षा नियंत्रक,चिकित्सा अधीक्षक,राजकीय जनरल अस्पताल,पांडिचेरी, (यू. टी.) द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

डिग्री

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1287

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिग्री फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिग्री फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
गुजरात.		
श्री वी. एम. शाह कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल एजूकेशन एण्ड रिसर्च (डिग्री फार्मेसी) कॉलेज कैम्पस, मोदासा - 383 315 डिस्ट्रिक्ट एस. के.	60	1998-99 से 2002-2003 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद्, रजिस्ट्रार, नॉर्थ गुजरात विश्वविद्यालय, पोस्ट बॉक्स संख्या 21, विश्वविद्यालय

मार्ग,पाटन - 384265,गुजरात, द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिग्री परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

प्रस्ताव संख्या 68/पी.सी.आई./1288

[1] भेषजी अधिनियम 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (1) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद् निम्नलिखित संस्थानों द्वारा संचालित डिग्री फार्मेसी पाठ्यक्रम का, डिग्री फार्मेसी की अनुमोदित परीक्षा में प्रवेश पाने के प्रयोजन के लिए उनके सामने अंकित संख्या एवं सत्र तक के संदर्भ में अनुमोदित घोषित करती है ।

संस्था का नाम	निम्नलिखित संख्या तक दाखिले सीमित	सत्र तक अनुमोदित
महाराष्ट्र		
श्रीमती शरदचन्द्रिका सुरेश पाटिल कॉलेज ऑफ फार्मेसी चोपदा-425 107, डिस्ट्रिक्ट जलगांव	40	1996-97 से 2002-2003 तक

[2] भेषजी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 12 की उपधारा (2) में विहित प्रावधानों के अनुसरण में भारतीय भेषजी परिषद रजिस्टार,नार्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय,उमावी नगर,पोस्ट बॉक्स संख्या 80,जलगांव-425 001, महाराष्ट्र,द्वारा उपरोक्त सत्र तक आयोजित फार्मेसी में डिग्री परीक्षा को, इस अधिनियम के अधीन भेषजज्ञ के रूप में पंजीकरण के लिए अर्हित होने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित परीक्षा घोषित करती है।

अर्चना मुदगल

(अर्चना मुदगल)
सचिव

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मुंबई

यूटी/डीबीडीएम/एसपीडी-51/ B - 51 **/2001-2002** **31 जुलाई, 2001**

पुनर्निवेश प्लान, 1966 के परिच्छेद 20 के अनुसरण में उक्त प्लान के प्रावधानों के परिच्छेद 13 में किया गया संशोधन, जिसे कार्यकारिणी समिति की मुंबई में 26 जुलाई, 2001 को संपन्न बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

पी बी विजयराघवन

पी बी विजयराघवन
उप महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास और विपणन

अनुबंध

पुनर्निवेश प्लान, 1966 के प्रावधानों के परिच्छेद 13 मे निम्नलिखित जोड़ा जाता है

उक्त परिच्छेद मे निहित किसी बात के होते हुए भी, ट्रस्ट समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा निर्धारित अवधि म दौरान ऐसे मूल्य/मूल्यो और ऐसी शर्तों और निबधनो, जिन्हें ट्रस्ट उचित समझे, पर उतनी सख्या म यूनिटों की पुनर्खरीद का प्रस्ताव प्लान के किसी सदस्य को कर सकता है। भले ही उसके पास प्लान मे एक या एक से अधिक खाते के अंतर्गत निर्धारित संख्या से अधिक सख्या मे यूनिट हों।

यूटी/डीबीडीएम/एसपीडी-51/ 15-41 /2001-2002 31 जुलाई, 2001

